महाकुम्भ 2025
आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच
वर्ष : 27 | अंक : 50 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 09 फरवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8



## आतिशी ने छोड़ा मुख्यमंत्री पद, उपराज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी की करारी हार के बाद सीएम आतिशी ने आज अपना इस्तीफा सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली की सीएम आतिशी आज सुबह करीब 11 बजे राज निवास पहुंचीं और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

बता दें कि पिछले साल सितंबर में अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद आतिशी मुख्यमंत्री बनी थीं। उन्होंने 21 सितंबर को शपथ ली थी। वह करीब चार महीने से दिल्ली की मुख्यमंत्री हैं। दिल्ली विधानसभा के इस चुनाव में आप की बुरी हार हुई है।

उल्लेखनीय है कि कभी 70 में से 67 और 70 में से 62 सीटें जीतने वाली आप इस बार 22 सीटों पर सिमट गई है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है और उसने 70 में से 48 सीटें जीतकर 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है।

केजरीवाल-मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े चेहरे हार गए हैं। हालांकि, आतिशी ने कालकाजी सीट से जीत हासिल की है। 5 फरवरी को दिल्ली की सभी 70 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इस बार 60.54 फीसदी वोटिंग हुई है, जबकि पिछली बार 62.60 फीसदी वोटिंग हुई थी।

आम आदमी पार्टी को करारी हार मिलने के बाद सीएम आतिशी ने कहा कि मैं जनता के साथ-साथ अपनी टीम का भी धन्यवाद करना चाहती हूं, जिन्होंने हिंसा और गुंडागर्दी का सामना करने के बावजूद जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत की। वे कई मुश्किलों का सामना कर रहे लोगों तक पहुंचे। हम दिल्ली की जनता के जनादेश को स्वीकार करते हैं।

### रमेश बिधूड़ी को 3580 वोटों से हराया



आतिशी शुरुआत में कालकाजी सीट से पीछे चल रही थीं, लेकिन उनकी किस्मत चमक गई है। क्योंकि उन्होंने यह सीट जीत ली है। उन्होंने चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी को 3580 वोटों से हराया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, आतिशी ने 12 राउंड के बाद कालकाजी सीट पर 52058 वोटों से जीत दर्ज की है।

## मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, दो जवान शहीद



**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में बीजापुर और नारायणपुर से लगी महाराष्ट्र की सीमा पर सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। इसमें 12 नक्सलियों को मारे जाने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। मुठभेड़ की जगह से ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबल लगातार नक्सलियों के खिलाफ एक्शन ले रहे हैं। बीजापुर के फरसेगढ़ थाना नेशनल पार्क क्षेत्र में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर आज सुबह से मुठभेड़ जारी है।

डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ, सी-60 के जवानों के साथ सुबह 8 बजे से मुठभेड़ जारी होने की पुष्टि हुई है।इस मुठभेड़ में करीब 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।

नेशनल पार्क क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी पर संयुक्त सुरक्षा बलों को रवाना किया गया था। नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों से जवानों की मुठभेड़ जारी है। एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि सुबह से मुठभेड़ चल रही है।

कई नक्सलियों के मारे की संभावना जताई गई है। घटना स्थल पर नक्सलियों के शव देखे गए हैं। इनकी संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। इस संबंध में ज्यादा जानकारी पार्टी के लौटने पर बताई जाएगी। क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान जारी है।

## दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने मनाई खुशी





**नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के अवसर पर नोएडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इज़हार किया। इस मौके पर भाजपा नोएडा महानगर द्वारा मिठाई वितरित की गई और जीत का जश्न मनाया गया।

इस समारोह में सांसद डॉ. महेश शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को बधाई दी और इस बड़ी जीत को भाजपा की मजबूत नीति और नेतृत्व का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता के भरोसे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं की सफलता का परिणाम है। इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर मिठाई खाई और पार्टी की सफलता के इस ऐतिहासिक क्षण को सेलिब्रेट किया।

इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गिरीश कोटनाला, गिरिजा सिंह, मनीष शर्मा, हर्ष चतुर्वेदी, एस.पी. चमोली, चमन अवाना, उमेश यादव, शशिधर उपाध्याय, प्रदीप चौहान, रामकिशन यादव, नीरज चौधरी, मनीष तिवारी, सुंदर राणा, उमानंद कौशिक, राजिंदर अवाना और कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी भी शामिल रहे।

## शिपिंग कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप

### अवैध रूप से मांगे लाखो रुपये

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मैरियन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से शिपिंग कंपनी स्टोविन शिपिंग प्रा. लि. के खिलाफ धोखाधड़ी और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। कंपनी के सीनियर लीगल मैनेजर विवेक शर्मा ने शिपिंग कंपनी के निदेशकों के खिलाफ माननीय न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर किया है।

जानकारी के अनुसार, 2022 में मैरियन बायोटेक ने उजबेकिस्तान को दवाइयों की आपूर्ति के लिए स्टोविन शिपिंग से अनुबंध किया था। लेकिन शिपिंग कंपनी के निदेशकों ने पहले माल समय पर नहीं भेजा और बाद में अतिरिक्त शुल्क की मांग करते हुए शिपमेंट को रोक दिया।

विवेक शर्मा का आरोप है कि शिपिंग कंपनी के निदेशक रमेश कुमार, मुकेश झा और विक्रांत धापा ने अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते हुए जानबूझकर माल को गंतव्य तक नहीं भेजा। इससे कंपनी को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ और दवाइयों की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई।

शिपिंग कंपनी ने पहले 18 लाख रुपये और फिर 21 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग रखी, जबकि पहले ही पूरा भुगतान किया जा चुका था। जब कंपनी ने इस पर आपत्ति जताई, तो शिपिंग कंपनी ने शिपमेंट को बंदरगाह पर रोक दिया और धमकी दी कि यदि अतिरिक्त भुगतान नहीं किया गया, तो दवाइयों की म्याद समाप्त हो जाएगी। इस मामले में विवेक शर्मा ने पहले थाना बीटा 2, ग्रेटर नोएडा में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद, पुलिस आयुक्त को भी शिकायत भेजी गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला।

## बी.एल. अग्रवाल ने भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई



**नोएडा (चेतना मंच)।** राष्ट्रीय लोकदल के नोएडा विधानसभा अध्यक्ष बी.एल. अग्रवाल ने दिल्ली में भाजपा की प्रचंड और एकतरफा जीत पर बधाई दी है। उन्होंने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनकल्याणकारी नीतियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रतिफल है।

बी.एल. अग्रवाल ने कहा कि जनता ने रिकॉर्ड तोड़ बहुमत देकर भाजपा को समर्थन दिया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों ने लोगों का विश्वास जीता है। उन्होंने इस विजय को हर छोटे से छोटे कार्यकर्ता की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भाजपा सरकार बनने से दिल्ली में पिछले एक दशक से रुके हुए विकास कार्य अब तेज गति से आगे बढ़ेंगे और राजधानी नए कीर्तिमान स्थापित करने में सक्षम होगी।

## नोएडा पंजाबी एकता समिति ने पंजाबी समुदाय से जीते विधायकों को दी बधाई



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा पंजाबी एकता समिति ने पंजाबी समाज से निर्वाचित विधायकों की शानदार जीत पर हर्ष प्रकट किया और पंजाबी समुदाय के अपार समर्थन व एकजुटता के लिए आभार व्यक्त किया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, प्रदेश महासचिव नरेंद्र चोपड़ा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत मेहता, प्रदेश कोषाध्यक्ष गौरव चाचरा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन सोनी ने इस सफलता पर शुभकामनाएँ दीं और इसे समाज की सामूहिक शक्ति एवं एकजुटता की जीत बताया।

पंजाबी समुदाय के मसीहा एवं मार्गदर्शक, स्वर्गीय आदरणीय मदनलाल खुराना जी के सुपुत्र हरीश खुराना जी को भी इस सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पंजाबी समाज ने सदैव राष्ट्रहित, विकास और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता दी है। भविष्य में भी पंजाबी समाज इसी एकजुटता और समर्पण के साथ देश व समाज की प्रगति में योगदान देता रहेगा। इस जीत को जनता के अटूट विश्वास और समर्थन का प्रतीक बताते हुए, समिति ने आशा व्यक्त की कि सरकार जनहित में निरंतर कार्य करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करने का प्रयास करेगी।

## महाकुंभ मेला में सिलेंडर लीकेज से लगी आग

### कल्पवासी का टेंट जलकर राख



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ मेला क्षेत्र में एक बार फिर आग का मामला सामने आया है। सेक्टर 19 के वट माधव मार्ग पर स्थित एक शिविर में सिलेंडर लीकेज के कारण आग लग गई, जिससे एक कल्पवासी का टेंट और उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया। यह हादसा रविवार सुबह हुआ, जब राजेंद्र कुमार जायसवाल नामक कल्पवासी अपने टेंट में चाय बना रहे थे।

अचानक सिलेंडर से गैस लीकेज होने से आग लग गई, जिससे आसपास अफरातफरी मच गई।

यह घटना ओम प्रकाश पांडे सेवा संस्थान के शिविर में हुई, जो कर्मा घूरपुर निवासी राजेंद्र जायसवाल द्वारा लगाया गया था। आग लगने के बाद पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक एक टेंट और उसमें रखे सामान का काफी नुकसान हो चुका था।

## महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत, 7 घायल



**सोनभद्र (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। महाकुंभ स्नान कर छत्तीसगढ़ लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और ट्रेलर की टक्कर हो गई, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मुर्धवा-अंबिकापुर मार्ग पर बभनी के दरनखाड़ के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। घटना आज सुबह करीब 6 बजे की है, जब बोलेरो में सवार श्रद्धालु प्रयागराज में महाकुंभ स्नान कर छत्तीसगढ़ लौट रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुटी हुई है, वहीं घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतकों की पहचान लक्ष्मीबाई (30) पत्नी रामकुमार यादव, निवासी सूरजगढ़, थाना पुसौर, रायगढ़, छत्तीसगढ़, अनिल प्रधान (37) निवासी केसापाली, पुसौर, रायगढ़, छत्तीसगढ़, ठाकुर राम (58) निवासी मानिकपुर, थाना सरैया, सारंगगढ़, छत्तीसगढ़, रुक्मिणी यादव (56) पत्नी ठाकुर राम हुई है।

रामकुमार यादव (32) पुत्र चक्रधर यादव, दिलीप देवी (58) पत्नी चक्रधर यादव, अभिषेक यादव (6) पुत्र रामकुमार, अहान यादव (4) पुत्र रामकुमार (सभी निवासी सूरजगढ़, थाना पुसौर, रायगढ़), योगी लाल (36) पुत्र ठाकुर राम, सुलेन्दरी देवी (32) पत्नी योगी लाल, हर्षित (3) पुत्र योगी लाल (सभी निवासी मानिकपुर, थाना सरैया, रायगढ़) इन सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। यह सड़क हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर करता है। पुलिस लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सावधानी बरतने की अपील कर रही है।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## दिल्ली की सूरत

आर्थिकी और विकास के गठजोड़ पर हिमाचल की सूरत सुधारने का एक बड़ा ख्वाब 'हिमाचल-2045 संगोष्ठी शृंखला' लेकर आ रही है। मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासनिक संस्थान (एमएसएचआईपीए) के तत्वावधान में होने जा रही तीन दिवसीय संगोष्ठी में नीति दस्तावेज तैयार होगा। हिमाचल में थिंक टैंक की परिभाषा के प्रशासनिक स्वरूप को संवारने के लिए कुछ राष्ट्रीय हस्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है ताकि चर्चाओं के दौर में विकास का ग्रंथ लिखा जा सके। हिमाचल के ढर्रे को बदलने के लिए किश्तियां तो मिल जाएंगी, मगर दरिया में तैर चुके लोगों को पतवार थमाएं तो जानें। यानी प्रदेश की हकीकत का वर्तमान, जिन लोगों की साझी विरासत है, उनसे भी पूछा जाए कि टापू कहां है। हिमाचल के भविष्य में पर्यावरण चेतना, एक लाजिमी चरित्र है, लेकिन हमारी वकालत की जमीन पर जंगल खड़ा है। एक प्रदेश जिससे सत्तर फीसदी जमीन पर्यावरण के नाम पर छीन ली गई हो, उसके विकास, निजी निवेश, भविष्य के अधिकार, खेतीबाड़ी, बागबानी, उद्योग, बाजार, शहरी विकास, अधोसंरचना निर्माण और आवासीय सुविधाओं के लिए तीस फीसदी भूमि पर निर्वहन करना अति कठिन है। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति का महज विकास से उत्थान नहीं होगा, यहां सामाजिक चरित्र और राजनीतिक परिदृश्य को बदलना पड़ेगा। हिमाचल ने विकास की चादर से पांव बाहर निकाले, तो कुछ ऐसा ढांचा बन गया जिसे ढोना मुश्किल है। दरअसल राष्ट्रीय नीतियों में पर्वत की पीड़ा ही दर्ज नहीं हुई। यह इसलिए कि पर्वतीय विकास मंत्रालय जैसा कोई स्वतंत्र विभाग नहीं बना। जम्मू-कश्मीर से अरुणाचल प्रदेश के पर्वतीय परिवेश तक को समझने के लिए अगर राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के संदर्भ दिखाई देते, तो हर योजना का महत्त्व बढ़ जाता। मसलन पर्वतीय विकास के मानदंड पूरी तरह मैदानों से भिन्न और लागत में अधिक हैं। इसलिए यहां अलग तकनीक, पर्यावरण मैत्री विकास तथा जनसमस्याओं के समाधान की अलग दृष्टि चाहिए। अगर शिमला की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के लिए रोपवे परियोजना अब कहीं जाकर आकार ले रही है, तो इसी तरह की रूपरेखा में कितने ही अन्य शहर भी कदमताल कर सकते हैं। वाजपेयी सरकार ने हिमाचल को औद्योगिक पैकेज देकर इस राज्य को फार्मा हब की रूपरेखा में सुसज्जित कर दिया, तो राष्ट्र को पर्वतीय राज्यों के लिए सॉफ्ट प्रोफेशन, कनेक्टिविटी, पर्यावरण, जल एवं जलवायु पैकेजों के तहत चिन्हित करना होगा। हमारा विकास कंक्रीट का पहाड़ खड़ा करना तो नहीं है, फिर भी हिमाचल को पर्यटन, सांस्कृतिक, सूचना-प्रौद्योगिकी, खेल-साहसिक खेल, ट्राइबल, जैव विविधता, वन तथा जल राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। देश स्वीकार करे कि पानी, जलवायु, मौसम-चक्र और वनों के मार्फत हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों का राष्ट्रीय सम्मान होना चाहिए। बड़ी बांध परियोजनाओं के डूब क्षेत्र में उजड़े हिमाचली आज भी विस्थापन के मरुस्थल से लड़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हिमाचल की अपनी आर्थिक क्षमता नहीं है। देश भर के प्रवासी मजदूर, रेहड़ी-फड़ी, फेरीवाले तथा व्यापारी अगर यहां से कमाकर घर को पाल रहे हैं, तो हम ऐसी क्षमता के अनुरूप रोजगार की परवरिश नहीं कर पाए। दूसरी ओर पढ़ाई के जिस स्रोत से बच्चों ने डिग्रियां प्राप्त कीं, उसे संवारने का रोजगार राज्य में पैदा नहीं हुआ। अगर आधा दर्जन आईटी पार्क स्थापित कर लिए होते, तो रोजगार के साथ-साथ हमारी शहरी आर्थिकी को चार चांद लग जाते। आज भी हिमाचल का शहरीकरण रोजगार पैदा कर रहा है। रिटेल मार्केटिंग, ऑनलाइन मार्केटिंग और पर्यटन मार्केटिंग से ही निजी क्षेत्र में रोजगार बढ़ रहा है। ऐसे में इन क्षेत्रों के साथ-साथ निजी निवेश को प्रेरित करना होगा। हिमाचल के हर शहर के चारों छोर पर वन विभाग से बड़े-बड़े मैदानों के विकास की अनापत्ति चाहिए। तमाम फोरलेन के किनारे कम से कम आधा दर्जन नए निवेश शहर, नए पर्यटक स्थल, साइंस सिटी, ट्रांसपोर्ट नगर और कला एवं संस्कृति गांव विकसित करने चाहिएं। प्रदेश के प्रमुख सात मंदिरों के परिसर को धार्मिक नगरियों की तरह विकसित करके पांच हजार करोड़ की आर्थिकी का ढांचा सुदृढ़ करना होगा। तमाम खड्डों व नालों का चैनलाइजेशन करते हुए रेत-बजरी का वैज्ञानिक दोहन करना होगा तथा उपलब्ध जल का अपने वार्षिक व्यय के हिसाब से संग्रहण करना होगा। प्रदेश को अपने शैक्षणिक आधार में उद्यमशीलता भरते हुए युवाओं को स्वरोजगार, नवाचार और स्टार्टअप की दिशा में प्रेरित करना होगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सगुण और निर्गुण में कुछ भी भेद नहीं है- मुनि, पुराण, पण्डित और वेद सभी ऐसा कहते हैं। जो निर्गुण, अरूप (निराकार), अलख (अव्यक्त) और अजन्मा है, वही भक्तों के प्रेमवश सगुण हो जाता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जो गुन रहित सगुन सोइ कैसें। जलु हिम उपल बिलग नहिं जैसें॥**
**जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा। तेहि किमि कहिअ बिमोह प्रसंगा॥**

जो निर्गुण है वही सगुण कैसे है? जैसे जल और ओले में भेद नहीं। (दोनों जल ही हैं, ऐसे ही निर्गुण और सगुण एक ही हैं।) जिसका नाम भ्रम रूपी अंधकार के मिटाने के लिए सूर्य है, उसके लिए मोह का प्रसंग भी कैसे कहा जा सकता है?॥

**राम सच्चिदानंद दिनेसा। नहिं तहँ मोह निसा लवलेसा॥**
**सहज प्रकासरूप भगवाना। नहिं तहँ पुनि बिग्यान बिहाना॥**

श्री रामचन्द्रजी सच्चिदानन्दस्वरूप सूर्य हैं। वहाँ मोह रूपी रात्रि का लवलेश भी नहीं है। वे स्वभाव से ही प्रकाश रूप और (षडैश्वर्ययुक्त) भगवान है, वहाँ तो विज्ञान रूपी प्रातःकाल भी नहीं होता (अज्ञान रूपी रात्रि हो तब तो विज्ञान रूपी प्रातःकाल हो, भगवान तो नित्य ज्ञान स्वरूप हैं।)॥

**हरष बिषाद ग्यान अग्याना। जीव धर्म अहमिति अभिमाना॥**
**राम ब्रह्म ब्यापक जग जाना। परमानंद परेस पुराना॥**

हर्ष, शोक, ज्ञान, अज्ञान, अहंता और अभिमान- ये सब जीव के धर्म हैं। श्री रामचन्द्रजी तो व्यापक ब्रह्म, परमानन्दस्वरूप, परात्पर प्रभु और पुराण पुरुष हैं। इस बात को सारा जगत जानता है॥

**(क्रमशः... )**

# आम आदमी पार्टी की हार, भाजपा की सरकार

कहा जाता है कि जिसको जल्दी सफलता मिलती है, वह उस सफलता को यथावत नहीं रख सकता। जिसको संघर्ष के बाद सफलता मिलती है, वह स्थायित्व को प्राप्त कर सकती है, क्योंकि संघर्ष करने से अनुभव आता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को ऐसी ही सफलता मिली, जिसे संभालने का राजनीतिक अनुभव उनके पास नहीं था। लोक लुभावन वादे एक निश्चित अवधि तक ही सुख का अनुभव करा सकते हैं, वह लम्बे समय तक सफलता का आधार नहीं बन सकता। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में लगभग यही दिखाई दिया। केजरीवाल को बिना लम्बे परिश्रम के सत्ता मिल गई, जिसे वे स्थायित्व नहीं दे सके। वे खुद भी चुनाव हार गए और उनके बाद आम आदमी पार्टी में दूसरे नंबर पर आने वाले नेता मनीष सिसोदिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा।

दिल्ली राज्य में विधानसभा की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के साथ ही सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। चुनाव परिणाम के बारे में अध्ययन किया जाए तो यह ध्यान में आता है कि आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने किया है। इससे विपक्ष का वोट विभाजित हो गया। इसका आशय यह भी है कि पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो आशातीत समर्थन मिला, वह समर्थन केवल आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं के प्रति पूरा समर्थन नहीं था। कहा जाता है कि पिछले चुनाव में अगर कांग्रेस का अंदरूनी समर्थन नहीं होता तो आम आदमी पार्टी राजनीतिक आकाश में चमक नहीं बिखेर सकती थी। इस पर एक बात कहना बहुत ही आवश्यक है कि जो दूसरों की शक्ति से चमकते हैं, उनकी चमक लम्बे समय तक नहीं रहती। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की चमक ऐसी ही थी। जहां तक पंजाब में सरकार बनाने की बात है तो यही कहना समुचित होगा कि वहां चुनाव के समय दिल्ली की योजनाओं को प्रचारित किया गया, जिसका राजनीतिक लाभ आम आदमी पार्टी को मिला।

दिल्ली के विधानसभा चुनाव परिणाम का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इस बार अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस को आईना दिखाने के प्रयास में अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम किया है। अगर अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस की बात मानकर गठबंधन कर लेते तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और ही होती, लेकिन अरविन्द केजरीवाल का अहंकार ही उनको ले डूबा। हम जानते हैं कि एक बार आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि 'मोदी जी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को इस जन्म में तो आप हरा नहीं सकते'। ऐसी भाषा को सुनकर यही लगता है कि केजरीवाल को अहंकार हो गया था। दूसरी बड़ी बात यह है कि उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे थे, इन सब आरोपों पर उन्होंने हमेशा भाजपा पर निशाना साधने का काम किया। जबकि यह सारा काम जांच एजेंसियों और सर्वोच्च न्यायालय ने किया। अरविन्द केजरीवाल को जेल भेजने का निर्णय सर्वोच्च न्यायालय का था, लेकिन उनका




**दिल्ली राज्य में विधानसभा की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के साथ ही सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है।**

आरोप भाजपा पर था। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की इस बात को झूठ ही माना। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल इस तथ्य को भूल गए कि भारतीय जनता पार्टी का भी दिल्ली में व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। लोकसभा के चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सीट प्राप्त होना, इसको प्रमाणित भी करता है। विधानसभा में भाजपा को भले ही कम सफलता मिली हो, लेकिन इससे भाजपा के राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने भी इस चुनाव को आम आदमी पार्टी की तर्ज पर ही लड़ा। भाजपा ने लोहे को लोहे से काटने की रणनीति पर काम किया, जिसमें भाजपा ने बाजी मार ली।

दिल्ली के चुनाव में इस बार जिस प्रकार से आधुनिक संचार तकनीक का प्रयोग किया गया, उसने भी केजरीवाल की कथनी और करनी की भिन्नता को ही उजागर किया। केजरीवाल एक बात पर टिके दिखाई नहीं दिए। वे कभी कुछ तो कभी उसके विपरीत दिखाई दिए। यमुना साफ करने के नाम पर बार बार वादे करना आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के लिए भारी पड़ गया। यह बात सही है कि वादे करना सरल है, उनको पूरा करना उतना ही कठिन है। केजरीवाल जो वादे कर रहे थे, वे वही वादे थे, जो उन्होंने दस वर्ष पूर्व किए थे। उनमें से कई बड़े वादे अब तक पूरे नहीं किए जा सके। सबसे बड़ा वादा यमुना साफ करने का ही था। इसके अलावा भ्रष्टाचार समाप्त करने के नाम पर गठित आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके थे। हद तो तब हो गई, जब वे अपनी सरकार को जेल से ही चलाने लगे। उधर उनको जमानत मिलने पर सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट निर्देश दिया कि केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय में जा सकते हैं और न ही किसी फाइल पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। केजरीवाल अभी भी आरोपी हैं, इसलिए उनका मुख्यमंत्री बनना असंभव ही था, क्योंकि अगर वे चुनाव जीतते तो बिना काम के मुख्यमंत्री ही रहते। ये सब भ्रष्टाचार के आरोप के कारण ही हुआ। वहीं दूसरी तरफ केजरीवाल के राजनीतिक गुरु के रूप प्रचारित समाजसेवी अण्णा हजारे इस चुनाव में केजरीवाल से रूठे से दिखाई दिए। इसको केजरीवाल के विरोधियों ने एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया, जो सही निशाने पर जाकर लगा है। दिल्ली चुनाव के बारे में मतदान के बाद किए गए सर्वेक्षण परिणाम को पुष्ट करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि सर्वेक्षण कई बार गलत भी साबित हुए हैं, लेकिन इस बार का सर्वेक्षण सटीक होकर वही तस्वीर दिखा रहे हैं, जो उन्होंने देखा। इससे ऐसा लगता है कि अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी अपना स्वयं का परीक्षण करने में चूक गए। उनको लगता ही नहीं था कि उनकी पार्टी सत्ता से बाहर भी हो सकती है।

आम आदमी पार्टी के सत्ता से बाहर होने के बारे में यह भी कहा जा रहा आम आदमी पार्टी को दूसरों ने कम उनके अपनों ने ही पराजित किया है। आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेता इस बात से नाराज थे कि आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री क्यों बनाया। जबकि आम आदमी पार्टी में इस पद के लिए कई दावेदार थे। अतः यह स्वाभाविक थी जो नेता राजनीतिक आकांक्षा को लेकर कार्य कर रहे थे, उनके सपनों पर पानी फिर गया। कहा यह भी जा रहा है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बाद आतिशी खुद नहीं चाहती थी कि अरविन्द केजरीवाल जीत कर आएं, क्योंकि वे जीतते तो आतिशी को मुख्यमंत्री का पद छोड़ना पड़ता। इसलिए यह कहना उचित होगा कि आम आदमी पार्टी की पराजय में उनके अपनों का ही योगदान है। रही सही कसर कांग्रेस ने पूरी कर दी। कहा यह भी जा रहा है कि इंडी गठबंधन का बिखराव भी आम आदमी पार्टी की पराजय का कारण बना। अभी तक राजनीतिक शून्यता का टैग लगा चुकी कांग्रेस पार्टी ने इस चुनाव को बहुत गंभीरता से लिया। कांग्रेस ने हालांकि उन्हीं क्षेत्रों में बहुत परिश्रम किया, जहां उनका व्यापक प्रभाव था। लगभग बीस सीटों पर किए गए इस प्रयास के कारण भले ही कांग्रेस अपेक्षित सफलता के द्वार तक नहीं पहुंची, लेकिन कांग्रेस के इसी प्रयास ने आम आदमी पार्टी के लिए सत्ता के मार्ग का दरवाजा बंद करने में प्रमुख भूमिका निभाई। पिछले लोकसभा चुनाव में साथ जीने मरने की कसम खाने वाले भाजपा विरोधी राजनीतिक दल एक मंच पर आकर मिलकर चुनाव लड़ने की बात कर रहे थे, लोकसभा चुनाव में कहीं कहीं ऐसा दिखा भी, लेकिन दिल्ली के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल खुद ही अकेले मैदान में कूद गए। कांग्रेस भी मैदान में आ गई और विपक्ष का वोट, जो अब तक केजरीवाल को ही मिलता था, वह नहीं मिल सका। इसलिए कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी को हराने का काम किया। – **सुरेश हिंदुस्तानी (वरिष्ठ पत्रकार)**

## वीआईपी का परिचय (व्यंग्य)



वीआईपी? वास्तव में जैसे होते हैं वैसे दिखते नहीं। इनकी पोशाक उन्हें बदल देती है। अधिकांश वीआईपी? का कद कम से कम सात फुट होता है। कुछ शानदार, जानदार वीआईपी का कद ज्यादा भी हो सकता है। इनका कद पहुंच की सक्रियता के मुताबिक बढ़ता रहता है। इनकी जडें भी बहुत गहरी होती हैं जिन्हें नापना मुश्किल होता है। इन्हें इंच या फुट में नहीं बताया जा सकता। वीआईपी? का रंग भी गिरगिट की तरह बदलता रहता है कब कौन सा रंग है इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। जो सच्चा और ठोस वीआईपी होता है वह छोटा मोटा खेल नहीं खेलता। यह पता नहीं चल पाता कि कौन सा खेल, खेल रहा है। कई बार वह बैडमिंटन को इस तरह खेलता है कि लगे टेबल टेनिस खेल रहा है। काम निबटाते हुए वह दांव कुछ और लगा रहा होता है लेकिन दिखाता कुछ और है।

इनके साथ चाय पीकर, खाना खाकर या बढ़िया किस्म की पीकर ज्यादा मजा आता है। वह शानदिखाऊ लम्हे फेसबुक पर शेयर करते हुए गर्व महसूस होता है, जब बताया जाता है कि फलां फलां के साथ खाना खाते हुए, जो अब ज्यादा बड़े वीआईपी बनने वाले हैं। यह हमारे मित्र और रिश्तेदार दोनों हैं। आम लोग भी लाईक करते हुए सम्मानित महसूस करते हैं। यह वीआईपीनेस की महिमा है कि लाखों लोग कोशिश और जुगाड़ में लगे रहते हैं कि किसी तरह वीआईपी जगत का हिस्सा हो जाएं। वीआईपी चाहे छोटा हो वीआईपी ही माना जाता है। छोटा आदमी खुद को बड़ा समझ सकता है लेकिन बडा आदमी कभी खुद को छोटा समझने और दिखने की गलती नहीं कर सकता।

**कुर्सी वाले वीआईपी कुछ लिख दें तो कितने ही प्रकाशक किताब छापने को तैयार हो जाते हैं। किताब छप जाए तो छोटे मोटे साहित्यकार द्वारा विमोचन तो दूर, उसे विमोचन समारोह में भी शायद ही बुलाया जाता है।**

कुर्सी वाले वीआईपी कुछ लिख दें तो कितने ही प्रकाशक किताब छापने को तैयार हो जाते हैं। किताब छप जाए तो छोटे मोटे साहित्यकार द्वारा विमोचन तो दूर, उसे विमोचन समारोह में भी शायद ही बुलाया जाता है। आम लोग उन्हें अपने बच्चों के विवाह समारोहों में बुलाकर धन्य हो जाते हैं वह बात दीगर है कि इनका इंतजार करना ही पडता है। इनके विशाल वाशरूम में लगे खूबसूरत नल, शावर इत्यादि को देखकर लगता नहीं कि दुनिया में पानी कम हो रहा है। सर्दी हो या गरमी, वीआईपी सार्वजनिक स्थल पर भी कम पानी में नहीं नहा सकते। पानी डूब मरने के लिए कम हो रहा है तभी तो वीआईपी कहते हैं कि आम लोगों के लिए नर्क जैसी परिस्थितियों वाले जीवन से अच्छा है नदी के किनारे भगदड में मर कर सीधे स्वर्ग जाना।

वीआईपी बहुत समझदार व्यक्ति होते हैं, किसी कुप्रबंधन के खिलाफ आवाज नहीं उठाते। इनकी सामाजिक मजबूरियां इन्हें जकडे रखती हैं। अपनी बोलती बंद रखकर, आम आदमी की मुखर होती आवाज को दबाए रखना, इन्हें खुद के स्वाभिमान की रक्षा करना लगता है। वीआईपी महान श्रेणी के लोग होते हैं।

**– संतोष उत्सुक**

## राशिफल

**माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। स्वास्थ्य पहले से थोड़ा बेहतर है। लेकिन अभी भी मध्यम बना हुआ है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन बैचेन रहेगा। घबराहट, बैचेनी बनी रहेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान मध्यम।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्यवर्धक दिनों का निर्माण हो रहा है। भाग्य साथ देगा। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान भी मध्यम है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम। व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। थोड़ा गृहकलह भी हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम-संतान में सुधार हो चुका है। व्यापार भी अच्छा है। निवेश अभी न करें।

# श्री राम कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**नोएडा (चेतना मंच)।** स्टेडियम में चल रही दिव्य श्री राम कथा के आठवें दिन आज परम पूजनीय श्री विजय कौशल जी महाराज ने लंका से हनुमान जी का वापस आना, भगवान राम को माता सीता की स्थिति से अवगत कराना, भगवान राम द्वारा सभी साथियों को लंका चलने का निर्देश देना, राम सेतु का निर्माण, लंका पर चढ़ाई, मेघनाद-लक्ष्मण युद्ध, हनुमान जी का संजीवनी बूटी लाना आदि प्रसंगों की कथा कही।



कथा में जब हनुमान जी ने माता सीता के बारे में बताया और मुख्य रूप से भगवान राम को उनकी स्थिति से अवगत कराया, तो सभी भक्त भाव-विभोर हो गए। महाराज जी ने बताया कि आज के समय में हमें संतों के पास बैठना चाहिए और उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। संत की पहचान कैसी हो सकती है? जब किसी के साथ बैठने पर शांति मिले, अच्छे विचार आएं, शुभ कर्म करने की प्रेरणा मिले— वही संत हैं।

महाराज जी ने विभीषण शरणागति प्रसंग के संदर्भ में कहा कि भगवान भाव के भूखे होते हैं, वे अनंत हैं और अनंत ही देते हैं। वे भक्तों के हृदय में निवास करते हैं। जीवन में हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और इसके लिए सबसे उत्तम मार्ग भगवान की कथा से जुड़ना है। सतयुग में तपस्या, त्रेतायुग में हवन, द्वापर में पूजा-पाठ व भोग-सेवा, और कलियुग में केवल भजन व हरि-नाम राम राम ही भवसागर से पार लगा सकता है।

महाराज जी ने भगवान राम द्वारा रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग की स्थापना के प्रसंग पर कहा कि भगवान शिव और भगवान राम दोनों एक ही हैं। जो एक की पूजा करता है लेकिन दूसरे से द्वेष रखता है, उसकी पूजा सफल नहीं होती— जैसे कि लंकेश रावण, जो शिव जी को मानता था लेकिन भगवान राम से द्वेष रखता था। रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग की कथा के समय पूरा पंडाल शिवमय हो गया और भक्त खुशी से झूम उठे।

कथा के प्रारंभ में मंगलमय परिवार, नोएडा के प्रमुख महेश गुप्ता ने कैप्टन विकास गुप्ता, जीसी शर्मा, राजेश दत्ता, तरुण राज, बृजेश तायल, दिनेश गोयल, सुरेश गुप्ता, अजय मित्तल, संजय गुप्ता, मुकेश तायल, मानसी गोयल और देश के विभिन्न स्थानों से आए भक्तों को महाराज जी के स्वागत के लिए आमंत्रित किया।

आज कथा का अंतिम दिन होगा। आज अंतिम दिन से पहले हजारों भक्त उपस्थित रहे। आज कथा के समापन पर रावण वध और भगवान राम का राज्याभिषेक होगा।

कथा में उपस्थित भक्तों में नेवैद्य शर्मा, संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल, मुकुल वाजपेयी, विनोद शर्मा, संदीप तायल, प्रमोद मारकुल, रमेश प्रताप सिंह, एन.के. अग्रवाल, अखिल गोयल, शादीराम शर्मा, विकास अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, नमन शर्मा, रामप्रकाश गुप्ता, मुरारी सिंह, पंकज मणि त्रिपाठी, लम्मानी पांडे, शिव तायल, केसर तायल, निशांत गर्ग, सीए सीमा रानी, रामचंद्र बजाज, कृष्णा पंत, आर.आर. सोनी, दीपक जग्गा, करुण अनेजा, बी.डी. शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



नोएडा स्टेडियम में दिव्या श्री राम कथा के दौरान कथा व्यास विजय कौशल महाराज ने चेतना मंच के पत्रकार अरुण सिन्हा को प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट की।

## स्विमिंग पूल की दीवार गिरने से हुए हादसे में स्कूल को भेजा नोटिस

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के एक निजी स्कूल में शुक्रवार की दोपहर दीवार गिरने से हुई दो मजदूरों की मौत के मामले में परिजनों का ठेकेदार से समझौता हो गया। उधर, प्रशासन ने इस घटना का संज्ञान लेकर स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है।

सेक्टर गामा दो स्थित एक निजी स्कूल में शुक्रवार की दोपहर स्विमिंग पूल की दीवार के बराबर में खुदाई करते समय हादसा हुआ था। मिट्टी की खुदाई करते समय स्विमिंग पूल की दीवार गिरने से नीचे दबकर तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें आनन फानन में नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इस हादसे में हमीरपुर निवासी मजदूर बाबूलाल और लाल दीवान की मौत हो गई थी। जबकि एक मजदूर दुर्गा प्रसाद घायल हुआ। हादसे की सूचना पर शनिवार की सुबह मृतक और घायल के परिजन ग्रेटर नोएडा पहुंचे।

गौतमबुद्ध नगर के उप क्रीड़ा अधिकारी अनीता नगर ने बताया कि इस घटना का संज्ञान लेकर स्कूल प्रबंधन को नोटिस भेजा गया है। इसमें स्कूल प्रबंधन से जवाब मांगा गया है।

नोटिस का जवाब मिलने के बाद प्रशासन द्वारा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मृतक को परिजनों ने पुलिस हिरासत में ले गए ठेकेदार मुकेश से बातचीत की। ठेकेदार मुकेश ने मृतक आश्रितों को उचित मुआवजा और बच्चों की पढ़ाई का खर्च वहन का भरोसा दिया। इसके साथ ही घायल का इलाज करने का वादा किया। इसके बाद दोनों पक्षों में सहमति बनने पर परिजनों ने ठेकेदार के खिलाफ पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने पर इसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ठेकेदार को छोड़ दिया गया है। परिजन शव लेकर अपने घर लौट गए। अस्पताल में भर्ती घायल को भी छुट्टी दे दी गई है।

## स्कूली बच्चों को निजी वैन में ले जाने पर कार्रवाई होगी

**नोएडा।** जिले में निजी वैन में यदि स्कूली बच्चों को ले जाते मिले तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। वैन के चालान के साथ ही सीधे कार्रवाई होगी। हालांकि, वैन जब्त करने से पहले बच्चों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। परिवहन विभाग निजी वैन संचालकों को अब किसी तरह की ढिलाई देने के मूड में नहीं है। विभाग के अनुसार यदि निजी वैन में बच्चे लाना- ले जाना हैं तो उसका व्यावसायिक में पंजीकरण जरूरी है। बिना व्यावसायिक में पंजीकरण के वैन को चलाने पर उसे जब्त कर लिया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि नियमों का उल्लंघन कर दौड़ने वाली वैन के खिलाफ कार्रवाई को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है। इसके लिए अलग-अलग प्रवर्तन टीमें काम करेंगी। अगले हफ्ते यह कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। इसमें कार्रवाई से पहले उसी वैन में बच्चों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा बिना फिटनेस और परमिट के दौड़ने वाली वैन भी जब्त की जाएंगी।

## 19वीं मंजिल से गिरकर घरेलू सहायिका की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित सेंचुरियन पार्क-दो वैली सोसाइटी की 19वीं मंजिल से शनिवार की सुबह संदिग्ध हालात में गिरने से घरेलू सहायिका की मौत हो गई। पुलिस ने पारिवारिक कलह की वजह से आत्महत्या की आशंका जताई है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली 27 वर्षीय सुहागी राजवंशी अपने पति गोविंद के साथ छोटी मिल्क गांव में किराए के मकान में रहती थी। वह ग्रेनो वेस्ट की सेंचुरियन पार्क दो वैली सोसाइटी में घरेलू सहायिका का काम करती थी। सुहागी शनिवार की सुबह एक फ्लैट में काम करने के लिए पहुंची। इसके बाद 19वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घरेलू सहायिका को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मृतका अपने पति और दो बच्चों के साथ यहां रह रही थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि महिला ने पारिवारिक कलह के चलते खुदकुशी की है।

बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि इस घटना की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला। इसमें महिला लिफ्ट में 19वीं मंजिल पर अकेले जाते हुए दिखाई दी।

## शादी के कुछ घंटों बाद ही दूल्हे की दर्दनाक मौत

**बरेली (एजेंसी)।**

यूपी के बरेली से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां शादी के अगले दिन ही एक दुल्हन का सुहाग उजड़ गया। दरअसल शादी के अगले दिन ही दूल्हा अपने एक दोस्त के साथ मिठाई लेकर घर लौट रहा था कि तभी ये हादसा हो गया। एक अन्य युवक की भी मौत हो गई। वहीं, इस दर्दनाक हादसे की वजह से खुशियों वाले घर में मातम पसर गया।

इस मामले में पुलिस के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रिठौरा कस्बे में हुई इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले एक युवक की एक दिन पहले ही शादी हुई थी और वह अपने एक दोस्त के साथ मिठाई लेकर घर लौट रहा था कि तभी ये हादसा हो गया। यह दुर्घटना उस समय हुई, जब 25 साल का सतीश अपने रिश्तेदारों के साथ बोलेरो कार से शुक्रवार शाम को बरेली शहर से मिठाई लेकर वापस लौट रहा था।

पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण सतीश की कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई, जिससे कार में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से सतीश और उसके दोस्त विजनेस यादव की अस्पताल में शुक्रवार देर रात तीन बजे के करीब मौत हो गई जबकि अन्य लोगों का इलाज जारी है।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। फिर बाद में परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में हाफिज गंज थाना प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गयी है और दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। सतीश की गुरुवार को स्वाति से शादी हुई थी।

उधर, सुलतानपुर जिले में गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश से बस्ती की तरफ एक वाहन जा रहा था और उसमें मछलियां लदी थीं। यह वाहन पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में आगे जा रहे एक कंटेनर से टकरा गया।

थाना प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसा शुक्रवार रात हुआ जिसमें मध्य प्रदेश के लिम्बोदा उज्जैन निवासी बने सिंह और साजापुर जिले के पाकड़ी निवासी तेजूलाल (पुत्र मेरुलाल) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तीसरे व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

## गंगा समग्र का कार्य सराहनीय एवं अनुकरणीय : अवधेशानंद गिरी

**प्रयागराज, महाकुंभ नगर।** जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी ने गंगा समग्र के शिविर में आयोजित कार्यकर्ता संगम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि गंगा समग्र अपने 15 आयामों के माध्यम से जिस प्रकार गंगा सेवा कर रहा है, वह प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि गंगा की अविरलता और निर्मलता बनाए रखने के लिए गंगा समग्र का कार्य न केवल सराहनीय है, बल्कि एक प्रेरणादायी उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।




गंगा समग्र शिविर के सरस्वती सभागार में आयोजित कार्यकर्ता संगम में विभिन्न प्रांतों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष जी ने कहा कि गंगा की अविरलता एवं निर्मलता तभी संभव है जब उसमें मिलने वाली छोटी-बड़ी सहायक नदियां भी स्वच्छ एवं प्रवाहमान रहें। उन्होंने अनियोजित विकास और अंधविश्वास को गंगा और अन्य पवित्र जल तीर्थों के प्रदूषण का प्रमुख कारण बताया और इस दिशा में व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता पर बल दिया।

रामाशीष ने वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि गंगा समग्र निषाद राज जयंती को भी विशेष रूप से मनाने की योजना बना रहा है, जिससे गंगा संरक्षण का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जा सके।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सर सह कार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल जी ने कहा कि गंगा समग्र का गठन 11 वर्ष पूर्व गंगा की अविरलता एवं निर्मलता के उद्देश्य से किया गया था।

उन्होंने कहा कि गंगा समग्र के कार्यकर्ता गंगा के पवित्र घाटों और सहायक नदियों के किनारे विभिन्न स्वच्छता एवं संरक्षण कार्यक्रम चला रहे हैं, जिससे गंगा संरक्षण की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है।

डॉ. कृष्ण गोपाल ने कार्यकर्ताओं को आगामी वृक्षारोपण अभियान और गंगा दशहरा जैसे आयोजनों के लिए अभी से कार्य योजना बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि सभी कार्यकर्ता दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ कार्य करें, तो गंगा समग्र के ध्येय वाक्य अविरल गंगा, निर्मल गंगा को निश्चित रूप से प्राप्त किया जा सकता है।

गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह लल्लू बाबू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि गंगा समग्र का यह मंच व्यास पीठ है और जो भी आदेश इस मंच से दिया जाता है, वह सभी कार्यकर्ताओं के लिए गंगा सेवा के संकल्प को याद दिलाने वाला है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को गंगा संरक्षण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन गंगा समग्र के राष्ट्रीय महामंत्री आशीष गौतम जी ने किया। संगम में उत्तराखंड, मेरठ प्रांत, कानपुर प्रांत, काशी प्रांत, बृज प्रांत, अवध प्रांत, उत्तर बिहार, दक्षिण बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह लल्लू बाबू ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और गंगा समग्र के भविष्य के अभियानों में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

## मिल्कीपुर में बीजेपी के चंद्रभानु की बड़ी जीत, सपा के अजीत बूथ भी हारे

**मिल्कीपुर।** उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है। भाजपा के चंद्रभानु पासवान की जीत 61 हजार से अधिक वोटों से चुनाव जीत गए हैं। वहीं, सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद अपने बूथ इनायतनगर में हार गए हैं। इस बीच फैजाबाद से सपा के सांसद और मिल्कीपुर विधानसभा सीट से सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद के पिता अवधेश प्रसाद का अजीबोगरीब दावा सामने आया है। वह एक वीडियो में सपा उम्मीदवार की जीत की घोषणा करते हुए नजर आए। 5 फरवरी को हुए उपचुनाव के नतीजे आज यानी आठ फरवरी 2025 की दोपहर तक सामने आ जाएंगे। कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 8 बजे से मतों की गणना जारी है। इस सीट के नतीजों पर प्रदेश ही नहीं सूबे के बाहर भी राजनीति में दिलचस्पी रखने वालों की नजरें टिकी हैं। यह सीट, 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा सीट से जीतकर सपा से सांसद बनने के बाद अवधेश प्रसाद द्वारा मिल्कीपुर सीट से इस्तीफा देने के कारण खाली हुई थी। करीब 65 प्रतिशत मतदान हुआ है। क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों के गणित और राजनीतिक दलों की रणनीति के चलते यह उपचुनाव चुनाव काफी रोचक और इसीलिए इसके नतीजों पर सबकी नजरें टिकी हैं।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com




मिल्कीपुर उपचुनाव रिजल्ट 2025 के पल-पल के अपडेट्स यहां देखें-

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने 61,710 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल की। रिटर्निंग ऑफिसर राजीव रतन सिंह ने उन्हें आधिकारिक रूप से विजयी घोषित किया।

चंद्रभानु पासवान को 1,46,397 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी के अजीत प्रसाद को 84,687 वोट मिले। अन्य उम्मीदवारों में राम नरेश चौधरी (1722), सुनीता (363), संतोष कुमार (5459), अरविंद कुमार (425), कंचनलता (286), भोलानाथ (1003), वेदप्रकाश (507) और संजय पासी (1107) वोट हासिल कर पाए।

कुल 2,41,956 वोट डाले गए, जिसमें से 1,361 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना, जबकि 43 मतपत्रों को अमान्य घोषित किया गया।




## खास खबर

### मई में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी इंडिया-ए टीम

**मुम्बई।** इंडिया-ए टीम आईपीएल 2025 के बाद तीन 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी। इस दौरे में उसका मुकाबला इंग्लैंड लायंस की टीम से होगा। इससे इसमें शामिल खिलाड़ियों के पास बेहतर प्रदर्शन कर जून में होने वाले भारतीय टीम के टेस्ट दौरे के लिए अपना दावा पेश करने का अच्छा अवसर होगा। इंडिया ए की टीम यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी इसकी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। 25 मई को आईपीएल का फाइनल मुकाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज की शुरूआत होगी। भारतीय बल्लेबाज टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाज जिस प्रकार से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के अलावा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विफल रहे हैं।

### सईम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**करांची।** पाकिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज सईम अयूब को चोट से उबरने के लिए कम से कम 10 हफ्ते के रिहैबिलिटेशन करना होगा जिससे वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि सईम अब फ्रेक्चर की चोट से अब उबर रहे हैं और वह इंग्लैंड में रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे। उन्हें यह चोट जनवरी में दक्षिण अफ्रीका में लगी थी। पीसीबी ने कहा कि न्यूजीलैंड दौरे के लिए उनकी सभी फिटनेस और चिकित्सा संबंधित जांच को पूरा करने के बाद ही तय होगी। 2024 में अपने वनडे डेब्यू के बाद से इस युवा खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया है। सईम ने 9 मैचों में 64.37 की औसत से 515 रन बनाए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो शतक और जिम्बाब्वे के खिलाफ एक शतक लगाया और उम्मीद थी कि वह इस बड़े टूनार्मेंट में पाकिस्तान के लिए अहम भूमिका निभाएंगे।

### फॉर्च्यून बरिशाल ने जीता बीपीएल

**नई दिल्ली।** फॉर्च्यून बरिशाल ने बीपीएल 2025 फाइनल तीन विकेट से जीता लिया है। ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खचाखच भरे मैदान पर चटगांव की ओर से ख्वाजा ने 66, परवाज ने 78 तो ग्राहम क्लार्क ने 44 रन बनाकर स्कोर 194 तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरिशाल तो टीम के कप्तान तमीम इकबाल ने तेज शुरूआत दी। इसके बाद काइल मेयर्स और ऋषद हुसैन ने शानदार खेल दिखाते हुए टीम को जीत दिलाई। चटगांव किंग्स ने अपने शीर्ष क्रम के प्रदर्शन के दम पर 194/3 का स्कोर बनाया। इस दौरान ख्वाजा नफे ने 41 गेंदों पर 57 रन बनाए। जबकि शमीम हुसैन ने बीच के ओवरों में पारी को गति देते हुए 29 गेंदों पर 45 रनों का योगदान दिया। कप्तान मोहम्मद मिथुन ने 24 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाकर अहम भूमिका निभाई। फॉर्च्यून बरिशाल की ओर से मोहम्मद अली ने 4 ओवरों में 32 रन देकर 3 विकेट लिए। शाहीन अफरीदी और तनवीर इस्लाम जैसे अन्य गेंदबाजों ने किफायती गेंदबाजी की, लेकिन अली का प्रदर्शन महत्वपूर्ण रहा।

# राष्ट्रीय खेल : झारखंड को लॉन बॉल में 2 स्वर्ण 2 कांस्य पदक

## झारखंड की झोली में अब तक 07 स्वर्ण ,05 रजत, 08 कांस्य समेत कुल 20 पदक

▸ झारखंड लॉन बॉल टीम ने कुल 5 स्वर्ण, 2 रजत एवं 2 कांस्य पदक जीता

एजेंसी

**देहरादून।** 38वें नेशनल गेम्स,उत्तराखंड में झारखंड लॉन बॉल पुरुष फोर्स, पुरुष सिंगल में स्वर्ण एवं महिला ट्रिपल एवं महिला डबल में कांस्य पदक मिला । झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन,माननीय खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार,झारखंड



ओलंपिक संघ अध्यक्ष आरके आनंद, जेओए कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक,चीफ द मिशन शिवेंद्र दुबे, भोलानाथ सिंह ,विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी अनिल जायसवाल, हरभजन सिंह, गुलाम रब्बानी,जय कुमार सिन्हा, अर्चित आनंद,आनंद बिहारी दुबे, विजय सिंह, चंचल भट्टाचार्य, सीडीसिंह, एसकेपांडेय, वरुण कुमार,सुरेश कुमार, संजेश मोहन ठाकुर, के के सिंह, प्रभाकर राव, खुर्शीद खान, परीक्षित तिवारी,अजय झा, शैलेन्द्र पाठक, रजनीश कुमार, हरभजन सिंह, निशिकांत पाठक,बिपीन सिंह ,राजेंद्र प्रसाद, पूर्णिमा महतो, सुमन चंद्र मोहंती,आशीष झा, रितेश झा, मो.खुर्सिद खान, शैलेन्द्र दुबे, उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची के मणिकांत कुमार -जूनियर फेलो कंसलटेंट, देवेंद्र सिंह, कोच हरेंद्र सिंह, बी एस राव, जी सुधीर, स्पोर्ट्स एडवाइजर समेत खेल विभाग के अधिकारियों,प्रशिक्षकों ने बधाई दी।

**लॉन बॉल पुरुष सिंगल**

पुरुष सिंगल लीग मैच में झारखंड सुनील बहादुर ने बिहार के चंदन कुमार को 21- 17 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।

**लॉन बॉल पुरुष फोर्स**

अभिषेक लकड़ा, वसीम अकरम, आलोक लकड़ा, दिनेश कुमार पुरुष फोर्स टीम ने पश्चिम बंगाल को 17- 10 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।

**लॉन बॉल महिला ट्रिपल**

महिला ट्रिपल मैच में झारखंड टीम सरिता तिर्की, रेशमा कुमारी,कविता कुमारी को कांस्य पदक मिला।

**लॉन बॉल महिला डबल**

महिला डबल मैच में झारखंड टीम लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की को कांस्य पदक मिला।

# राष्ट्रीय खेल फुटबॉल : स्वर्ण पदक जीतकर केरल बना चैंपियन

▸ उत्तराखंड को मिला रजत पदक

एजेंसी

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल के तहत शुक्रवार को पुरुष वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल में केरल की टीम ने उत्तराखंड की टीम को 1-0 से हराते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तराखंड को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हल्द्वानी में खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। पहले हाफ में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। दूसरे हाफ में 53वें मिनट में केरल के गोकुल एस ने शानदार गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, केरल के लिए स्थिति तब मुश्किल हो गई जब उनके खिलाड़ी सफवान एम को 75वें मिनट में रेड कार्ड मिला, जिससे केरल को बाकी मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इसके बावजूद, केरल की डिफेंस ने उत्तराखंड को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया और 1-0 की जीत के साथ केरल ने 38वें राष्ट्रीय खेल में फुटबॉल का स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। उत्तराखंड को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कांस्य पदक के लिए दिल्ली और असम के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। दिल्ली के महीप अधिकारी ने 20वें मिनट में पहला गोल दागा। इसके बाद 44वें मिनट में जासनबोक बुफहांग ने दूसरा गोल कर दिल्ली को 2-0 की मजबूत बढ़त दिला दी। हालांकि, असम ने भी हार नहीं मानी और पहले हाफ के इंजरी टाइम (45+2') में अक्रंग नाजारी ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। दूसरे हाफ में दिल्ली के आदित्य अधिकारी ने 72वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को फिर से 3-1 की बढ़त दिलाई।



# बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी टीम में चयन पर संशय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का स्कैन किया गया, और अब अगले 24 घंटों में उनकी मेडिकल रिपोर्ट आने की उम्मीद है। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। रिपोर्ट के आधार पर यह तय होगा कि बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पाएंगे या नहीं। सूत्रों के मुताबिक, बुमराह फिलहाल बेंगलुरु में ही रहेंगे ताकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम के साथ आगे की रणनीति पर चर्चा कर सकें। एक बार रिपोर्ट तैयार होने के बाद न्यूजीलैंड के मशहूर डॉक्टर रोवन शाउटन की राय भी ली जा सकती है। इससे पहले जनवरी में जब बुमराह का पहला स्कैन हुआ था, तब भी डॉक्टर शाउटन को रिपोर्ट भेजी गई थी। भारतीय टीम मैनेजमेंट चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीम की घोषणा से पहले बुमराह की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर वनडे से पहले कहा था कि स्कैन की रिपोर्ट आने के बाद ही बुमराह की उपलब्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बुमराह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करारी हार के बाद से ही क्रिकेट से दूर हैं। पीठ में सूजन की समस्या के कारण उन्हें पांच सप्ताह के आराम की सलाह दी गई थी। वह 2 फरवरी को बेंगलुरु पहुंचे थे और अब वापसी के लिए तैयार हैं। उनकी फिटनेस रिपोर्ट पर ही उनका आगे का क्रिकेट भविष्य टिका हुआ है। मालूम हो कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में बुमराह की गैरमौजूदगी में मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दिया गया था। अब सवाल यह है कि अगर बुमराह तय समय तक फिट नहीं हो पाते हैं, तो क्या सिलेक्टर्स चक्रवर्ती को टीम में बनाए रखेंगे या फिर युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को मौका मिलेगा?



# फीफा ने तीसरी बार पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को किया निलंबित

एजेंसी

**ज्यूरिच ।** विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को तीसरी बार निलंबित कर दिया है , ऐसे में अब पाक टीम किसी मुकाबले में भाग नहीं ले पायेगी। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने संविधान के संशोधित संस्करण को लागू करने में विफल रहने के लिए पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) को निलंबित कर दिया है। फीफा ने एक बार फिर पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फीफा परिषद के ब्यूरो द्वारा गुरुवार को घोषित ये निर्णय पीएफएफ द्वारा अपने संविधान के संशोधित संस्करण को अपनाने में विफल रहने के परिणामस्वरूप आया है। फीफा की ओर से कहा गया है कि पाकिस्तान के फुटबॉल प्रशासन में निष्पक्षता और लोकतांत्रिक शासन तक करने के लिए उसको निलंबित किया जाना जरुरी आवश्यक था। फीफा की ओर से कहा गया है कि पीएफएफ द्वारा नियमों का पालन करने के बाद ही निलंबन हटाया जाएगा। ये तीसरी बार है जब 2017 के बाद से पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को फीफा द्वारा निलंबित किया गया है। ये पाक संगठन में लगातार शासन और प्रशासनिक संकटों को उजागर करता है जो देश के लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति सम्मान को दिखाता है।



## पंजाब किंग्स ने खरीदे श्रेयस सहित तीन खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी में तीन खिलाड़ियों श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल को किसी भी कीमत पर शामिल करना चाहते थे। पोंटिग ने कहा कि उनका लक्ष्य इस इस बार टीम को खिताबी जीत दिलाना रहेगा। इसी कारण इन खिलाड़ियों को लिया गया है। श्रेयस को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को 18 करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं अर्शदीप को आरटीएम कार्ड के जरिये 18 करोड़ रुपये में जोड़ा। पोंटिंग ने कहा कि मैं एक ऐसे कप्तान को भी लाना चाहता था जिसके साथ मैंने पहले काम किया हो और जिसे काफी सफलता मिली हो।

# कप्तान सहित झारखंड के 12 खिलाड़ियों का एशिया कप में चयन

**रांची।** शनिवार को पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा मोराबादी स्थित होटल ट्रोइका में प्रेस वार्ता में बताया गया कि प्रथम एशिया पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28 से 30 मार्च 2025 तक रास्ट्रीय पारा स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, नोम पेन्ह में वर्ल्ड पारा थ्रो बॉल फेडरेशन, कम्बोडिया के द्वारा किया गया है। भारतीय टीम में चयनित सभी खिलाडी 20 मार्च 2025 को कोचिंग के लिए डउफ कोलेज इरोड तमिलनाडु में रिपोटिंग करना है। हर्ष का विषय है कि इस एशिया पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में झारखण्ड से कुल बारह (12) खिलाडियों का चयन किया गया है` महिला दल में झारखंड के सात खिलाडी एवं पुरुष वर्ग में पांच खिलाडी शामिल हैं । महिला वर्ग में प्रतिमा तिर्की, महिमा उरांव, अनीता तिर्की, संजुक्ता एक्का, असुंता टोप्पो, पुष्पा मिंज, तारामणि लकड़ा एवं पुरुष वर्ग में मुकेश कंचन(कप्तान), सनोज महतो,पवन लकड़ा, राजेश कुमार मेहता, और मुकेश कुमार शामिल हैं पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव सरिता सिन्हा ने कहा है कि यह झारखंड के लिए बहुत ही खुशी एवं गौरव का पल है कि झारखण्ड से प्रथम एशियन पारा थ्रोबॉल अंतरास्ट्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का चयन हुआ है। झारखंड की टीम अभी भी अपना प्रायोजक तलाश रही है। उम्मीद है कि टीम को सह समय प्रायोजक मिल जाएगा। विदित को कि गत वर्ष रांची में ही आयोजित राष्ट्रीय पारा थ्रो प्रतियोगिता में पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष राहुल मेहता के नेतृत्व में झारखंड की दोनों वर्ग की टीम चैंपियन बनी थी। एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. प्रणव कुमार ब्बू ने कहा कि राज्य से 12 खिलाड़ियों के चयन से दिव्यांग जनों का हौसला बढ़ाने में मददगार होगा पूरे समाज के लिए प्रेरणा का क्षेत्र बनेगा , यह राज्य के लिए गौरव की बात है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल राज्य में सामान्य खिलाड़ियों की तरह दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए लिए स्पेशल खेल मैदान बनाया जाए तो वह और अच्छा से अपना खेल का प्रदर्शन कर सकते हैं और इसे देखते हुए बहुत सारे दिव्यांग बंधु भी बाहर निकाल कर आएंगे। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पतरस तिर्की ने कहा कि झारखंड के सभी पारा खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से सहयोग को बहुत आवश्यकता है सरकार को आर्थिक रूप से मदद जरूर करना चाहिए ताकि खिलाड़ी आगे भी अच्छा खेल का प्रदर्शन कर सके। टीम के मुकेश कंचन ने बताया कि अन्य देशों में पारा थ्रो बाल खिलाड़ियों को बहुत सुविधा प्राप्त है। लेकिन भारत, विशेषकर झारखंड के खिलाड़ी कठिन परिस्थितयों से जूझते जूझते मानसिक रूप से सशक्त हो गए हैं। हमारी कमी को हमने ताकत में बदल दिया है।




## पांच दिनी शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का तीसरा दिन

# बुढ़मू एलेवन की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**रांची।** मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में शनिवार को पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूनार्मेंट-2025 के तीसरे दिन का उदघाटन आशीष गुप्ता, गोलू खलखो, राहुल शाही, वसीम खान, कुरबान खान, अफान खान ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। शनिवार को पहला मैच बुढ़मू एलेवन और करकट एलेवन के बीच खेला गया, जिसमें बुढ़मू की टीम पांच विकेट से विजयी रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए करकट की टीम 65 रन बनाकर आउट हो गयी। इसके जवाब में बुढ़मू की टीम 5 विकेट शेष रहते 66 रन बनाकर मैच जीत लिया। वहीं दूसरा मैच पठान ब्रदर्श नेसार खान और चकमे एलेवन के बीच खेला गया। इसमें पठान ब्रदर्श की टीम 61 रन ही बना सकी। इसके जवाब में चकमे एलेवन ने 62 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। शनिवार को तीसरा मैच बुढ़मू एसेवन और चकमे एलेवन के बीच खेला खेला गया। जिसमें बुढ़मू एक विकेट से जीत दर्ज कर टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए चकमे एलेवन 70 रन बना कर आउट हो गई। इसके जवाब में बुढ़मू की टीम एक विकेट शेष रहते 71 रन बना लिए। इससे पहले कुंदी की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। मैच के अंपायर आशीष गुप्ता और राहुल शाही थे। बुढ़मू एलेवन टीम के मुन्ना अंसारी को वसीम खान ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नौ फरवरी को पहला मैच गोविंदपुर व टांगर और दूसरा मैच सोसई आश्रम व चोरेया के बीच खेला जाएगा। तीसरे दिन के मैच के सफल आयोजन में मो. रशीद, विनेद खलखो, मो. रशीद, ताबरक खान, फ्रांसिस जेवियर खलखो, मो शाकिब सहित कई स्थानीय ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# लीजेंड 90 लीग: दिल्ली रॉयल्स की बड़ी जीत

एजेंसी

**रायपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेली जा रही लीजेंड 90 लीग के तीसरे दिन दिल्ली रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान किंग्स को 41 रनों से हराया। दिल्ली ने टूनार्मेंट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करते हुए 15 ओवरों में 195 रन बनाए। जवाब में राजस्थान किंग्स की टीम 154 रन ही बना सकी। टॉस जीतकर राजस्थान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन यह उनके लिए सही साबित नहीं हुआ। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमन्स ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंदों पर 87 रन ठोके, जिसमें 12 चौके और 4 छक्के शामिल थे। कप्तान शिखर धवन ने 26 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि एंजेलो परेरा ने 24 गेंदों में 54 रन की विस्फोटक पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम की शुरूआत खराब रही। पहले ही ओवर में परविंदर अवाना ने फिल मस्टर्ड को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद गौरव तोमर (34), राजेश विश्नोई (31), रजत सिंह (48) और मनप्रीत गोनी (27) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई। शानदार बल्लेबाजी के लिए लेंडल सिमन्स को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



# मीडिया कप क्रिकेट : अमानत ने शंख और भैरवी ने अजय को दी मात

▸ एकतरफा मुकाबले में अमानत जीता

**रांची।** रांची प्रेस क्लब की ओर से आयोजित आरपीसी मीडिया कप के दूसरे दिन खेले गए लीग मुकाबले में अमानत ने शंख को 24 रनों से और भैरवी ने अजय को 8 विकेट से हराया। अमानत के कुमार सौरभ और भैरवी टीम के राकेश कुमार प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। शनिवार को जेके क्रिकेट अकादमी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मैच की दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रेस क्लब कमिटी ने मुख्य स्थिति को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। दूसरे दिन का पहला मुकाबला अमानत और शंख के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमानत ने 5 विकेट खोकर 161 रन बनाए। टीम के सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरूआत दी। टीम की ओर से अमित सिंह ने 52 और कप्तान सुशील कुमार सिंह ने 35 रनों की पारी खेली। शंख की ओर से सुनील, विक्की, मनोज और चंदन ने 1- 1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शंख टीम अमित कुमार सिंह के 38 रन और पिंटू दुबे के 32 रनों के जुझारू पारी के बावजूद 137 रन ही बना सकी। अमानत की ओर से सौरभ ने 3 और दिलीप ने 2 विकेट झटके। दिन का दूसरा मुकाबला भैरवी और अजय के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अजय ने 3 विकेट खोकर 176 रनों का पहाड़ खड़ा किया। टीम की ओर से मोनू ने 52 गेंदों में 90 रनों की पारी खेली। वहीं विवेक ने 31 रन बनाए। दूसरी पारी में भैरवी ने राकेश कुमार के ताबड़तोड़ 43 गेंदों में 90 रन और आशिफ नईम के 45 रनों की मदद से 5 गेंद शेष रहते 2 विकेट खोकर 180 रन बना लिए और मुकाबले को 8 विकेट से जीत लिया। आरपीसी मीडिया कप के टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील, को स्पोंसर अडानी पावर, मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट, सपोटिंग पार्टनर टाइटन वल्ड एन्ड जके इंटरनेशनल स्कूल (जेके क्रिकेट एकेडमी )रहे।









सिंगापुर के वुहान में आयोजित विश्व टेबल टेनिस सिंगापुर स्मैश 2025 में फ्रांस के फेलिक्स लेब्रन/एलेक्सिस लेब्रन और चीन के वांग चुकिन/लिन शिदोंग के बीच पुरुष युगल सेमीफाइनल मैच के दौरान प्रतिस्पर्धा करते हुए।

## खास खबर

### एनएचपीसी का लाभ दिसंबर तिमाही में 47 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पनबिजली कंपनी एनएचपीसी का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 47 प्रतिशत घटकर 330.13 करोड़ रुपये हो गया। खर्च बढ़ने से कंपनी के लाभ में कमी आई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 623.28 करोड़ रुपये रहा था। एनएचपीसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका कुल खर्च बढ़कर 2,217.51 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,733.01 करोड़ रुपये था। दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय मामूली रूप से बढ़कर 2,616.89 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 2,549.69 करोड़ रुपये थी।

### सेंचुरी प्लाईबोर्ड्स का मुनाफा छह प्रतिशत घटा

**कोलकाता।** सेंचुरी प्लाईबोर्ड्स (इंडिया) लिमिटेड ने बताया कि 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 6.1 प्रतिशत घटकर 58.8 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 62.7 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि परिचालन से राजस्व सालाना आधार पर 21.7 प्रतिशत बढ़कर 1,140.47 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 937.4 करोड़ रुपये था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का खर्च एक साल पहले के 862.5 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,062.8 करोड़ रुपये हो गया।

### मोबाइल सेवा शुल्क में बढ़ोतरी की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने अपने वादे के तीन महीने बाद सेवा शुल्क में वृद्धि करने की घोषणा की है। एयरटेल के एक अधिकारी ने बताया कि इसका मुख्य कारण वित्तीय स्थिरता है। उनके अनुसार कंपनी नेटवर्क में निवेश कम कर रही है। उन्होने कहा कि हम अब उपभोक्ताओं के अनुभव को इस्तेमाल करने और घरेलू ब्रॉडबैंड सेवाओं को विस्तारित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने इसे एक वित्तीय परिवर्तन के रूप में देखा और वित्तीय वर्ष 2023-24 से पूंजीगत व्यय में कमी की उम्मीद जताई। एयरटेल का एआरपीयू भी देखने योग्य है।

### एसेंसर अपनी डाइवर्सिटी और इनक्लूजन नीतियां खत्म करेगी

**नई दिल्ली।** टेक और कंसल्टिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी एसेंसर ने अपनी वैश्विक डाइवर्सिटी और इनक्लूजन नीतियों को खत्म करने का फैसला किया है। इस नए पलटवार में : कंपनी ने 2017 में तय किए गए डाइवर्सिटी लक्ष्यों को हटाने का निर्णय लिया है। इससे पहले कई डेमोग्राफिक ग्रुप्स के लिए बनाए गए करियर डेवलपमेंट प्रोग्राम भी बंद होंगे। एक इंटरनल मेमो के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार यह निर्णय कंपनी की आंतरिक नीतियों और अमेरिका में बदलते नीतिगत परिप्रेक्ष्य के मद्देनजर लिया गया है।

### असम के सीएम सरमा ने टाटा समूह के चेयरमैन से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने टाटा संस और टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन से नई दिल्ली में पृथ्वीराज रोड पर आवास में मुलाकात की। इस मीटिंग में असम में टाटा समूह द्वारा किए जाने वाले आगामी निवेशों पर चर्चा की गई, जिसमें जगीरोड में सेमी-कंडक्टर प्लांट भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में असम में मेगा प्लांट के निर्माण का निरीक्षण किया था और टाटा समूह के निवेश की सराहना की।

### सेबी ने यूट्यूबर अस्मिता पटेल पर लगाया बैन

**नई दिल्ली।** सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने एक बार फिर से शेयर मार्केट में धांधली करने वालों पर कार्रवाई की है। सेबी ने यूट्यूबर अस्मिता जितेंद्र पटेल को निशाने पर रखते हुए उन पर बैन लगाया है। अस्मिता पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने गलत ट्रेडिंग टिप्स जारी करके निवेशकों को 104 करोड़ रुपए का चूना चटाया है।

# लगातार दूसरे सप्ताह शेयर बाजार में रही तेजी

- सेंसेक्स 197 अंक गिरकर 77,860 अंक पर बंद
- निफ्टी 43.40 अंक गिरकर 23,559 पर बंद



एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की अनिश्चित टैरिफ नीतियां, मिश्रित कारपोरेट आय और आरबीआई द्वारा अपेक्षित 25 पाइंट की बेसिस कटौती से अस्थिरता के बीच भारतीय इक्विटी बाजार में वीकली आधार पर लगातार दूसरे सप्ताह तेजी जारी रही। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो घरेलू शेयर बाजार में फरवरी महीने और कारोबारी हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारी गिरावट देखी गई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 731.91 अंक गिरकर 76,774.05 अंक पर खुला और 319.22 अंक गिरकर 77,186.74 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 243 अंक गिरकर 23,239.15 अंक पर खुला और 121.10 अंक गिरकर 23,361.05 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 1,173.68 अंकों की बढ़त के साथ 78,360.42 के स्तर पर खुला और 1,397.07 अंक उछलकर एक महीने के उच्चतम स्तर 78,583.81 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 324.41 अंक चढ़कर 23,685.45 के पार खुला और 378.20 अंक बढ़कर 23,739.25 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 186.90 अंक की गिरावट के साथ 78,396.91 पर खुला और 312.53 अंक गिरकर 78,271.28 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 50 1.40 अंक गिरकर 23,737.85 पर खुला और 42.95 अंक गिरकर 23,696.30 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को हुई तेज शुरूआत ज्यादा देर नहीं टिकी। हरे निशान पर खुला शेयर बाजार थोड़ी देर बाद ही लाल निशान पर आ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 280.38 अंक चढ़कर 78,551.66 अंक पर खुला और 213.12 अंक गिरकर 78,058.16 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 77.25 अंक चढ़कर 23,773.55 अंक पर खुला और 92.95 अंक गिरकर 23,603.35 अंक पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के फैसले के बाद भारतीय शेयर बाजार में थोड़ी देर की बढ़त के बाद गिरावट दिखी। सेंसेक्स 481.96 गिरावट के साथ 77,576.20 के स्तर पर खुला और 197.97 अंक गिरकर 77,860.19 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 122.75 अंक टूटकर 23,480.60 पर खुला और 43.40 अंक गिरकर 23,559.95 पर बंद हुआ।

### ओबीडी 2 चरण बी ने दोपहिया वाहनों की कीमतों में इजाफा किया

**नई दिल्ली।** अतिरिक्त हार्डवेयर की जरूरत की वजह से उत्सर्जन के नए मानदंड ओबीडी 2 चरण बी के कारण देश में दोपहिया वाहनों की कीमतों में एक से दो प्रतिशत तक का मामूली इजाफा होगा। हीरो मोटोकॉर्प के एक प्रमुख अधिकारी ने यह बताया कि ओबीडी 2 चरण बी के मानदंड वाहनों के लिए कार्बन उत्सर्जन निगरानी के ऐसे कड़े मानक हैं जो उत्सर्जन की तत्काल निगरानी और निदान क्षमताओं को बढ़ाते हैं। इस मानदंड के लागू होने से 1 मई से कंपनी के कार्यवाहक मुख्य कार्याधिकारी विभिन्न उत्पादों की नई वाहनों को पेश कर सकेगी। उन्होंने कहा कि ओबीडी-2 चरण-बी के मानदंडों के अनुसार वाहनों में लगाए जाने वाले अतिरिक्त हार्डवेयर की वजह से दामों में एक-दो प्रतिशत का मामूली इजाफा होने जा रहा है। यह समूचे उद्योग पर लागू होगा। हीरो मोटोकॉर्प ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के दौरान अपने शुद्ध लाभ में सालाना 1,107.5 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी ने वेतनभोगी व्यक्तियों की 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं लगाने की सरकार की योजना का स्वागत किया। जब उनसे इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वास्तव में ओबीडी-2 चरण-बी ने ग्राहकों की आय में वृद्धि की संभावना बढ़ा दी है। दोपहिया क्षेत्र को भी यह फायदा पहुंचेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कर राहत के नए नियम उस व्यक्ति पर सकारात्मक असर डालेंगे जिसकी आय 10 से 12 लाख रुपये के आसपास हो।

## बांगुर सीमेंट ने लांच किया नया प्रीमियम प्रोडक्ट बांगुर मार्बल




**जमशेदपुर।** भारत के अग्रणी सीमेंट निर्माताओं में से एक श्री सीमेंट ने अपने मास्टर ब्रांड बांगुर सीमेंट के तहत नया प्रीमियम प्रोडक्ट बांगुर मार्बल सीमेंट लॉन्च किया है। यह पीएससी सीमेंट सेगमेंट में बेहतरीन चमक, उच्च शक्ति और दरारों से सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे यह भव्य और प्रभावशाली डिजाइनों के लिए उपयुक्त है। इस नए प्रोडक्ट का लॉन्च आज रांची, झारखंड में किया गया। जल्द ही इसे बिहार, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में भी उपलब्ध कराया जाएगा। बांगुर मार्बल सीमेंट 2000 से अधिक रिटेल स्टोर्स पर मिलेगा, जहां ग्राहकों को प्रोडक्ट डेमो के माध्यम से इसकी विशेषताओं की जानकारी दी जाएगी। श्री सीमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज अखौरी ने कहा कि बांगुर मार्बल सीमेंट, निर्माण उद्योग में नवीनता और गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह उत्पाद आधुनिक निर्माण आवश्यकताओं, चमक, मजबूती और टिकाऊपन को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह पर्यावरण-अनुकूल सीमेंट है, जिसमें स्टील निर्माण के उप-उत्पाद जीजीबीएस का उपयोग किया गया है, जिससे मजबूत और टिकाऊ संरचनाओं का निर्माण संभव होगा। इसे बांगुर सीमेंट की अन्य प्रीमियम रेंज जैसे जंगरोधक, रॉक स्ट्रॉन्ग, पावरमैक्स, मैग्ना और रूफ ऑन के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। इस लॉन्च के साथ श्री सीमेंट ने गुणवत्ता और स्थायी निर्माण समाधानों में एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है।

## संयुक्त परिवार की महिमा दशार्ती है प्यार हो परिवार में : केयूरी शाह



**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों पारिवारिक रिश्तों को तार-तार करती फिल्में बन रही हैं। वहीं, पिछले दिनों ऐसी फिल्म देखने को मिली जो पारिवारिक रिश्तों के अहमियत को समझती है। पिछले भायंदर के मैक्सस थिएटर में फिल्म 'प्यार हो परिवार में' रिलीज हुई जिसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सब यही कह रहे थे कि काफी समय के बाद ऐसी फिल्म देखने को मिली है। जो काफी भावुक कर देती है। फिल्म 'प्यार हो परिवार में' की कहानी ऐसी है कि जिसमें दिखाया गया है कि परिवार में कितने भी मतभेद क्यों न हों, अगर उन्हें प्यार से सुलझा लिया जाए और अतीत को भुलाकर प्यार से रहा जाए तो घर स्वर्ग से भी ज्यादा खूबसूरत हो जाता है। संयुक्त परिवार की महिमा को दशार्ने वाली इस फिल्म का परिवार माता-पिता, तीन बेटों, एक बहू और एक बेटी के साथ खुशी से रहता था। भले ही परिवार एकजुट हो, फिर भी ऐसी परिस्थितियाँ आती हैं कि कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

## ब्रिटानिया अपने उत्पादों की कीमतें बढ़ाएगी




- कंपनी का 6-6.5 फीसदी कीमत वृद्धि का लक्ष्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी की प्रमुख खिलाड़ी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इस वित्त वर्ष के अंत तक अपने प्रोडक्ट्स की कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 2 फीसदी तक की कीमत बढ़ोतरी कर दी थी। ब्रिटानिया जो ब्रांड्स जैसे कि ब्रिटानिया गुड डे और मारी गोल्ड का नाम रखती है, ने अपने निवेशकों को बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 तक 4-4.5 फीसदी तक कीमतें बढ़ाने की योजना बनाई है। महंगाई और कमजोर मांग के हालात पर ध्यान देते हुए, कंपनी ने 6-6.5 फीसदी कीमत वृद्धि का लक्ष्य रखा है। इस नए नीति के साथ ब्रिटानिया की समेकित शुद्ध लाभ में 31 दिसंबर को 5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो विश्लेषकों के अनुमान से अधिक है। इसके बावजूद शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों में एक चीयरपंटी देखी गई। ब्रिटानिया ने 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। कंपनी का मुनाफा 582 करोड़ रुपये रहा जो विश्लेषकों के 521 करोड़ रुपये के अनुमान से अधिक था। ब्रिटानिया का तिमाही राजस्व 8 फीसदी बढ़कर 4,593 करोड़ हो गया, जबकि कुल खर्च 9 फीसदी बढ़कर 3,875 करोड़ तक पहुंच गया।

## शहर के हर एक व्यक्ति को स्वस्थ्य रखने का संकल्प लें : डॉ शुभालक्ष्मी



**रांची।** द मूवमेंट स्टूडियो फॉर पिलेटस एंड फिजियोथेरापी का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर संध्या रानी मेहता (आइपीएस, डीआइजी, सीआइडी) नौशाद आलम (आइपीएस), देव कमल और देवानिका हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ अनंत सिन्हा, डॉ तरुण ओडुकिया के साथ साथ कई अन्य लोग शामिल हुए। तो आइए जानते है, द मूवमेंट स्टूडियो फॉर पिलेटस एंड फिजियोथेरापी की संस्थापक डॉक्टर शुभालक्ष्मी से हुई खास बातचीत के कुछ अंशः

**पिलाटेस क्या है**

पिलाटेस व्यायाम की एक श्रृंखला है, जो शरीर के सभी प्रमुख मांसपेशी समूहों की गतिशीलता और ताकत को संतुलित तरीके से बढ़ावा देता है। यह शारीरिक व्यायाम विधि विशेष रूप से मांसपेशियों को टोन करने, सही पोस्चर बनाए रखने और शरीर की आंतरिक सहनशक्ति और बाहरी ताकत को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित करती है।

**पिलाटेस की शुरुआत कब और कैसे हुई**

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जोसेफ पिलाटेस को इंग्लैंड में नॉकालोए इंटर्नमेंट कैंप में बंदी बना लिया गया था। जहाँ उन्होने अपने साथी बंदियों को अपनी व्यायाम प्रणाली सिखाई और अस्पताल के बिस्तरों पर स्प्रिंग्स जोड़कर बिस्तर पर लेटे हुए मरीजों के लिए व्यायाम की व्यवस्था की। युद्ध के बाद, जोसेफ पिलाटेस न्यूयोर्क शहर चले गए। जहां उन्होंने 1920 के दशक में पहला पिलाटेस स्टूडियो खोला। यहाँ उन्होने अपनी प्रणाली को और विकसित किया।

### केरल सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों पर बढ़ाया टैक्स

**नई दिल्ली।** केरल सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बढ़ते प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए वित्त मंत्री के.एन. बालगोपाल के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विधान सभा में पेश किए गए बजट में, सरकार ने 15 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले निजी ईवी पर एकमुश्त रोड टैक्स में वृद्धि की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद 15 लाख रुपये से अधिक की कीमत वाले ईवी पर 8 फीसदी रोड टैक्स लागू किया जाएगा, जो पहले 5 फीसदी था। इसके साथ ही, 20 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले ईवी पर 10 फीसदी कर लागू किया जाएगा। इसी तरह बैटरी किराए पर देने वाले वाहनों पर भी 10 फीसदी का कर लगाया जाएगा। उद्योग के वकीलों का मानना है कि इस कदम से केरल में ईवी की बिक्री में तेजी आ सकती है, परन्तु कुछ नेताओं ने इसे उचित नहीं माना और सरकार की इस नीति पर सवाल उठाए हैं।

## शिक्षकों की मदद के लिए लांच किया नवनीत एआय



**मुंबई।** शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी नवनीत एजुकेशन लिमिटेड ने नवनीत एआय लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नवाचार शिक्षकों को ज्ञान और संसाधनों तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। नवनीत के व्यापक शैक्षणिक सामग्री संग्रह का लाभ उठाते हुए, नवनीत एआय के उपकरण शिक्षकों को पाठ अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ाने में मदद करेंगे। यह प्लेटफॉर्म इंटरएक्टिव और उपयोग में सरल है, जिससे शिक्षक क्विज, होमवर्क, पीपीटी, फ्लैशकार्ड, सारांश और अन्य शैक्षणिक सामग्री आसानी से तैयार कर सकेंगे। कई दशकों से भारतभर में शिक्षक और छात्र नवनीत की पढ़ाई से जुड़ी किताबों और संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। नवनीत डाइजेस्ट, वर्कबुक, नवनीत 21 मोस्ट लाइकली क्वेश्चन सेट्स, प्री-प्राइमरी और बच्चों के लिए प्रकाशित किताबों ने सीखने को आसान बनाया है। अब नवनीत एआय के जरिए 50,000 से ज्यादा संसाधनों को एक नए रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे पढ़ाई का अनुभव और दिलचस्प और असरदार बनेगा। यह नया प्लेटफॉर्म शिक्षकों को ऐसे डिजिटल टूल्स उपलब्ध कराएगा, जो पढ़ाने के तरीके को और सरल और प्रभावी बनाएंगे। नवनीत एजुकेशन का लक्ष्य पारंपरिक शैक्षणिक संसाधनों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर शिक्षण को और बेहतर बनाना है।

### सतत विकास को आगे बढ़ाने यूएनडीपी, पश्चिम बंगाल में समझौता

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और पश्चिम बंगाल ने प्रमुख विकास प्राथमिकताओं पर सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एक बयान में कहा गया कि साझेदारी मानव विकास को आगे बढ़ाने के लिए जलवायु वित्त सहित विकास वित्त पर केंद्रित रहेगी। बयान के मुताबिक यह साझेदारी डेटा-संचालित नीति-निर्माण के लिए जवाबदेही हेतु निगरानी ढांचा स्थापित करेगी, डिजिटल समाधानों और स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करेगा। जलवायु-अनुकूल कृषि और टिकाऊ आजीविका के माध्यम से हाशिए पर पड़े समुदायों को भी इससे समर्थन मिलेगा।

## डॉल्बी एटमॉस के साथ सैमसंग टीवी व साउंडबार पर ऑडियो का आनंद उठाएं



**रांची।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने फोली - साउंड मीट्स स्टोरी नाम की एक खास, ओरिजनल सीरीज का अनावरण किया, जो दर्शकों को शानदार ऑडियो की कला और विज्ञान के माध्यम से एक सिनेमाई यात्रा पर ले जाएगा। इस वीडियो सीरीज का निर्माण डॉल्बी के सहयोग से किया गया है। यह प्रीमियम ऑडियो हार्डवेयर सेगमेंट में अपनी उपस्थिति को फिर से परिभाषित करने की दिशा में सैमसंग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सहयोग डॉल्बी की ऑडियो विशेषज्ञता को टीवी और साउंडबार में सैमसंग की अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ता है।.सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर विप्लेश डांग ने कहा कि सैमसंग में हम जो कुछ भी करते हैं उसके मूल में इनोवेशन होता है। इस एक्सक्लूसिव सीरीज पर डॉल्बी के साथ हमारा सहयोग हमारे उपभोक्ताओं को शानदार और प्रोफेशनल-ग्रेड ऑडियो आनंद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सैमसंग टीवी और साउंडबार के साथ साउंड में डॉल्बी की विशेषज्ञता को मिलाकर हमारा लक्ष्य भारतीय दर्शकों के साउंड टेक्नोलॉजी को देखने और उससे जुड़ने के तरीके को फिर से परिभाषित करना है, जिससे उनके घरों में यादगार अनुभव लिया जा सके। भारत में डॉल्बी लैबोरेटरीज के मार्केटिंग डायरेक्टर समीर सेठ ने कहा कि डॉल्बी एटमॉस अपने बेहतरीन, थिएटर-क्वालिटी साउंड के साथ मनोरंजन के तरीके में बदलाव लाने में सबसे आगे है।

## हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक पेशकश 12 को खुलेगा




**मुंबई।** हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (कंपनी) बुधवार, 12 फरवरी, 2025 को 1 प्रत्येक (इक्विटी शेयर) के अंकित मूल्य के अपने इक्विटी शेयर की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (ऑफर) खोलने का प्रस्ताव करती है। एंकर निवेशक बोली तिथि बोली/ऑफर खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले है, जो मंगलवार, 11 फरवरी, 2025 है। बोली/ऑफर समापन तिथि शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025 है। ऑफर का मूल्य बैंड 674 प्रति इक्विटी शेयर से 708 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 21 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 21 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में सीए मैग्नम होल्डिंग्स (प्रवर्तक विक्रयकर्ता शेयरधारक) द्वारा कुल ? 87,500 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। यह पेशकश प्रतिभूति संविदा (विनियमन) नियम, 1957 के नियम 19(2) (बी) के अनुसार किया जा रहा है, जैसा कि संशोधित किया गया है, (एससीआरआर) सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 31 के साथ पढ़ा गया है। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 6(1) के अनुपालन में बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 32(1) के अनुसार, शुद्ध ऑफर का 50% से अधिक हिस्सा आनुपातिक आधार पर अर्हता प्राप्त संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) (क्यूआईबी श्रेणी) को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि हमारी कंपनी बीआरएलएम के परामर्श से, सेबी आईसीडीआर विनियमनों के अनुसार विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी श्रेणी का 60% तक आवंटित कर सकती है (एंकर निवेशक हिस्सा), जिसमें से एक तिहाई घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए आरक्षित होगा, घरेलू म्यूचुअल फंड से वैध बोलियां प्राप्त होने के अधीन, जिस कीमत पर 1 प्रत्येक के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर एंकर निवेशकों को आवंटित किए जाते हैं (एंकर निवेशक आवंटन मूल्य)। एंकर निवेशक हिस्से में कम-सब्सक्रिप्शन या गैर-आवंटन की स्थिति में, 1 अंकित मूल्य के शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी श्रेणी (एंकर निवेशक हिस्से के अलावा) (नेट क्यूआईबी श्रेणी) में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, नेट क्यूआईबी श्रेणी का 5% हिस्सा आनुपातिक आधार पर केवल म्यूचुअल फंड को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा और नेट क्यूआईबी श्रेणी का शेष हिस्सा म्यूचुअल फंड सहित सभी क्यूआईबी को आनुपातिक आधार पर आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि ऑफर मूल्य पर या इससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों।

## भारती एयरटेल को अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 14,781 करोड़ रुपये का मुनाफा




एजेंसी

**मुंबई।** भारती एयरटेल ने तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर अवधि में कंपनी को 14,781 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इसकी मुख्य वजह इंडस टावर के कंसोलिडेशन के कारण वनटाइम विशिष्ट लाभ है। अगर वनटाइम विशिष्ट लाभ को शामिल किया जाए तब कंपनी को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 5,514 करोड़ का लाभ हुआ है,जो कि पिछले साल की समान अवधि में 2,442 करोड़ रुपये था। कंपनी की ऑपरेशनंस से आय सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 45,129 करोड़ रुपये हो गई है। इसकी वजह भारत और अफ्रीका के कारोबार में मजबूत वृद्धि होना है। उन्होंने कहा कि कंपनी की बैलेंस शीट मजबूत बनी हुई है, जिसे मजबूत नकदी सृजन, विवेकपूर्ण पूंजी आवंटन और निरंतर डीलीवरेजिंग से सपोर्ट मिल रहा है। एयरटेल की औसत आय प्रति यूजर (एआरपीयू) में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है और वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 245 रुपये हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 208 रुपये था। एयरटेल ने तीसरी तिमाही में 6 लाख नए ग्राहक जोड़कर पोस्टपेड सेगमेंट में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया, जिससे इसका कुल पोस्टपेड यूजर बेस 2.5 करोड़ हो गया।

# स्किन में निखार लाने का काम करता है गन्ने का रस



धीरे-धीरे गर्मी ने अपना असर दिखाना स्टार्ट कर दिया है और इस वक्त आपको अपने खाने पीने पर ध्यान देना बहुत जरुरी है। कहा जाता है कि गर्मियों में जितना लिक्विड पीया जाए, उतना ही हेल्थ के लिए लाभदायक होता है। वहीं अगर लिक्विड में गन्ने के रस का सेवन करेंगे तो आपको अन्य ज्यूस के मुकाबले ज्यादा फायदे होंगे। गन्ने के रस से ना सिर्फ आपके पेट को आराम मिलता है बल्कि यह आपकी स्किन के लिए भी बहुत लाभदायक होता है। गन्ने के रस को नियमित रुप से पीने से दाने होने की दिक्कत दूर हो जाती है और इसका इस्तेमाल फेस मास्क बनाकर भी किया जा सकता है। वहीं गन्ने के रस में मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट, फेनॉलिक तत्व स्किन में निखार लाने का काम भी करता है और इससे स्किन सॉफ्ट भी होती है।

वहीं अगर आप डिहाइड्रेशन की दिक्कत होती है तो गन्ने का रस तुरंत एनर्जी दिलाने में बहुत सहायक होता है। गन्ने में सूक्रोज होता है और इसे आपका शरीर बहुत आसानी से ऑब्जर्व कर लेता है और आपको तुरंत एनर्जी मिलती है। जानकारों के अनुसार गन्ना गर्भवती महिलाओं के लिए भी बहुत असरदार साबित होता है। इसमें मौजूद फोलिक एसिड और विटामिन बी स्पिना बिफिदा जैसी दिक्कतों को रोकता है और सुरक्षित प्रेग्नेंसी में भी बहुत कारगर साबित होता है। कई रिसर्च में सामने आया है कि इससे गर्भाधान का खतरा भी बहुत कम होता है।

इतना ही नहीं गन्ने का रस मुंह से आने वाले बदबू को भी कम करने का खूब काम करता है। अगर आपको भी मुंह से बदबू आने की दिक्कत है तो आप गन्ने के रस को घरेलू नुस्खे के रुप में इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही एक गन्ने का रस हड्डियों और दांतों के लिए भी बहुत ज्यादा असरदार है, क्योंकि इसमें मौजूद कैल्शियम आपके हड्डियों और दांतों को मजबूत करने का काम करता है और एक बच्चे की ग्रोथ में भी बहुत ज्यादा मदद करता है। इसका सबसे अहम फायदा ये भी है कि इससे आपका पाचन तंत्र भी ठीक रहता है। गन्ने की पौटेशियम की मात्रा पेट में पीएच लेवल को नियंत्रित रखती है, जिससे आपका पाचन ठीक रहता है।

# टैनिंग से बचने के प्राकृतिक तरीके



स्किनकेयर जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। जब आप बाहर निकलते हैं, तो सनस्क्रीन लगाने के बाद भी त्वचा पर टैन हो जाता है। ये सभी के लिए एक आम समस्या है। बदलते मौसम और चिलचिलाती गर्मी के बीच त्वचा की देखभाल करना और भी जरूरी हो जाता है। ऐसे में आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें और पूरी बाजू के कपड़े भी पहनें। इसके अलावा आप कई तरह के घरेलू उपचार भी आजमा सकते हैं। ये टैन को दूर करने और त्वचा को गहराई से साफ करने में मदद करेंगे।

**आलू –** आलू का इस्तेमाल बहुत से व्यंजनों में किया जाता है। ये आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। इसमें एक खास एंजाइम पाया जाता है। ये त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। ये त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। आप हल्के हाथों से आलू के टुकड़ों से त्वचा की मसाज कर सकते हैं। ये त्वचा से टैनिंग दूर करने में मदद करता है।

**स्क्रब ग्रिट –** कॉफी, अखरोट, सेंधा नमक और नारियल के तेल जैसी चीजों का इस्तेमाल करके एक अच्छा स्क्रब बनाया जा सकता है। ये सनटैन को निकालने और हटाने का एक शानदार तरीका है, खासकर आपकी बाहों, कोहनी, गर्दन और चेहरे के लिए। बाजार के प्रोडक्टस की बजाए आप सप्ताह में 2-3 बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**बेसन दही और शहद होममेड पैक –** इस मास्क को बनाने के लिए आपको इन तीन सामग्रियों की जरूरत होगी। इनमें एंटीऑक्सीडेंट गुण, प्राकृतिक एसिड और एंजाइम होते हैं। ये सूरज के संपर्क में आने से त्वचा में सूजन को कम करने में मदद करते हैं, बैक्टीरिया से लड़ते हैं, त्वचा को ठीक करते हैं और टैनिंग को दूर करने में मदद करते हैं।

**कैसे बनाएं फेस पैक –** इसे बनाने के लिए सबसे पहले 2 चम्मच बेसन लें। इसमें 2 चम्मच शहद डालें और 2 चम्मच ताजा दही डालें। इसे अच्छी तरह मिलाएं और अलग रखें। माइल्ड फेस वॉश से अपना चेहरा धोएं। अपने चेहरे को तौलिये से पोछें। अब इस मास्क को अपने चेहरे और गर्दन पर हल्के हाथों से लगाएं। आप अपनी बाहों या पैरों के लिए भी इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे 10 से 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। सूखने के बाद ठंडे पानी का इस्तेमाल करें और इस मिश्रण से अपने चेहरे को स्क्रब करें। अपने चेहरे की मसाज करने के बाद, इसे ठंडे पानी से धो लें और एक मुलायम तौलिये से सुखा लें। सप्ताह में कम से कम 2 बार इस इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# क्या नारियल खरीदते समय रहते हैं कंफ्यूज ?

कई बार मार्केट से लाया नारियल अंदर से बिल्कुल खराब या सूखा सा निकल आता है। ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर बाहर से देखकर हम बढ़िया नारियल कैसे चुन सकते हैं? आज आपकी इस प्रॉब्लम का हल लेकर आए हैं हम। यहां जानिए कुछ ऐसे टिप्स जिन्हें अपनाकर आप मार्केट से सिर्फ बाहर से देखकर ही एकदम परफेक्ट नारियल घर ला सकते हैं।



- खरीदने से पहले नारियल को हिलाकर जरूर देख लें।
- ज्यादा पानी वाला नारियल ही खरीदें।
- जिन नारियल में बाहर से दरार पड़ी हुई हो उन्हें न खरीदें।
- दरारों की वजह से इनमें अंदर तक धूल और कीटाणुओं के चले जाने का खतरा रहता है।
- अगर आपने ध्यान दिया होगा तो देखा होगा कि नारियल में एक ही तरफ कुछ काले दाग होते हैं, इन्हें नारियल की आंख कहा जाता है।
- अगर यह सॉफ्ट हो तो इन्हें खरीदने की न सोचें।
- नारियल की आंख सॉफ्ट होने की वजह से नारियल का पानी बाहर निकल सकता है।
- नारियल जिनमें बाहर से ही नमी हो, उन्हें छोड़ दें।



# सिंघाड़े खाकर करें डायबिटीज सहित अन्य बीमारियों की छुट्टी

### सिंघाड़े के फायदे -

सिंघाड़े में बड़ी मात्रा में पोटेशियम होता है जो सोडियम के स्तर को कम करता है। जिससे ब्लड प्रेशर कम होता है। साथ ही बेड कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में भी मदद करता है।सिंघाड़े में विटामिन ए, सी, सिट्रिक एसिड, फास्फोरस, मैंगनीज, कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

### सिंघाड़े या उसके आटे का सेवन किस तरह करें -

- ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए सिंघाड़े खाना चाहिए। इन्हें अच्छे धोकर थोड़ा उबाल लें। इसके बाद खाएं। साथ ही एसिडिटी, अपच की समस्या में भी आराम मिलेगा। सिंघाड़ के साथ ही इसके आटे का सेवन भी कर सकते हैं। उसके लिए आप राब बना सकते हैं। या दूध में भी उबाल कर पी सकते हैं। गेहूं की रोटी की बजाए सिंघाड़े के आटे की रोटी का सेवन कर सकते हैं।
- अनिद्रा की समस्या दूर होना - जी हां अगर आपको नींद नहीं आ रही है तो ठंड में सिंघाड़े का सेवन करें। इससे धीरे-धीरे अनिद्रा की समस्या दूर हो जाएगी।
- पेट की दिक्कत होने पर आपकी दिनचर्या भी बिगड़ जाती है। भूख नहीं लगना, रूक-रूक कर पेट दुखना, गैस बनना या अधिक भूख लगना। इन सभी पेट संबंधी समस्या में आराम मिलता है।
- सिंघाड़ा सीजनल फल है। यह ठंड के मौसम में ही आता है। डॉक्टर भी इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए सीजनल फूड खाने की सलाह देते हैं। इसका सेवन से कमजोरी दूर होती है।
- अगर आपको डायबिटीज बहुत ज्यादा है तो डॉक्टर की सलाह से ही सेवन करें। क्योंकि इसमें ग्लूकोज पाया जाता है। लेकिन मीठा खाने की चाह रखते हैं तो सिंघाड़े का सेवन कर सकते हैं।

# उबली हुई सब्जियों का करें सेवन

### उबले हुए चुकंदर का मजा लें

चुकंदर का सेवन करने से पहले केवल 3 मिनट के लिए उबाल लीजिए। इसके सेवन से शरीर में खून की कमी पूरी होती है। जिन वूमन को अनियमित माहवारी की परेशानी हो उनके लिए उबली हुई चुकंदर काफी लाभकारी होता है।

### लीजिए आलू को उबालकर यूज :

आलू में काफी मात्रा में कैलोरीज होती है जिससे शरीर का मोटापा बढ़ने का खतरा बना रहता है। ऐसे में जब भी आलू खाएं उसे जरूर उबाल लीजिए। इससे आलू में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होगी।



### कीजिए बीन्स का उबालकर सेवन :

क्या आप जानते हैं बींस का उबालकर सेवन क्यों किया जाता हैं, अगर नहीं जानते हैं तो हम आपको बता दें कि हरी बीन्स की सब्जी काफी स्वादिष्ट होती है।

इससे शरीर को कैल्शियम, फॉस्फोरस, सोडियम तथा विटामिन मिलता हैं। सब्जी की जगह बीन्स को उबालकर खाने से अधिक लाभ मिलता है। डायबिटीज के मरीज के लिए उबली बींस का सेवन करना काफी लाभकारी होता है।

# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी धनिया पत्ती



हरे धनिये की पत्तियों का इस्तेमाल अक्सर सब्जियों के स्वाद और सलाद के लिए किया जाता है, वहीं हरी चटनी पकौड़े के स्वाद को दोगुना कर देती है। लेकिन इसी के साथ ही धनिया पत्तियों के कई फायदे हैं जिसके बारे में शायद ही आपको पता हो। इसमें मौजूद विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम व मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। तो आइए जानते हैं हरे धनिया पत्ती के फायदों के बारे में।

- धनिये की पत्तियों में विटामिन ए और सी पाया जाता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम करते हैं।
- गर्मी हो सर्दी, इसका इस्तेमाल करना हर समय शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाता है।
- पाचन शक्ति को मजबूत रखना है तो इसका इस्तेमाल आपको नियमित तौर पर करना चाहिए। इससे आपकी पाचन शक्ति बढ़ती है।
- धनिये की पत्तियों के सेवन से पेट संबंधी परेशानियों में आराम मिलता है और बदहजमी, पेट में दर्द, गैस की समस्या से छुटकारा मिलता है।
- जाड़े में खाने की मात्रा अधिक होने पर दस्त की शिकायत बढ़ने लगती है। ऐसे में धनिये की चटनी व सलाद पेट को राहत पहुंचाती है।
- धनिया की पत्ती विटामिन ए और सी का मुख्य स्रोत है। ये हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता को मजबूत करते हैं।
- इसके नियमित सेवन से सर्दी-खांसी से छुटकारा मिलता है।
- धनिया में मौजूद तत्व शरीर से कॉलेस्ट्रॉल कम कर उसे कंट्रोल में रखते हैं। यह खून में इंसुलिन की मात्रा को नियमित करता है।
- धनिया महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी समस्याओं को दूर करता है। अगर पीरियड्स साधारण से ज्यादा हो तो आधा लीटर पानी में लगभग 6 ग्राम धनिये के बीज डालकर उबालें। इस पानी में चीनी डालकर पीने से फायदा होगा।

# आंतों की सफाई करने का आसान तरीका



अपनी आंतों की सफाई करने का बेहतरीन तरीका। जो पको लगभग 15 दिनों में एक बार जरूर करनी चाहिए। ऐसा करने से आपको पेट की समस्या नहीं होगी जैसे कि कब्ज का होना और पेट दर्द का होना। कब्ज की शिकायत से राहत मिलेगी ही साथ ही आपको अनेकों बहुत सी बीमारियों से राहत मिलेगी। तो चलिए जानिए कैसे करे 15 दिनों में अपनी आंतों की सफाई।ऐसा करें-

आप एक चम्मच त्रिफला पाउडर लें और एक चम्मच शहद लें फिर आप इन दोनों को एक गिलास दूध में डालकर अच्छे से मिला लें। मिलाने के बाद आप इस दूध को लगभग 5 मिनट तक ऐसे ही रख दें। फिर आप उसको पी लें व सो जाए। ऐसा करने के बाद जब आप सुबह उठकर शौच जाएंगे तो आपका पेट उस वक्त साफ हो जाएगा पूरा गंदगी उस समय एक झटले मव बाहर निकल जाएगी। यह आयुर्वेदानुसार बेहद कारगर तरीका है आंतों की सफाई करने का।

# नींबू के पत्ते शरीर के लिए फायदेमंद



नींबू खाने को स्वादिष्ट बनाने के साथ साथ सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। नींबू का अनोखा गुण यह है कि इसकी खट्टी खुशबू खाने से पहले ही मुंह में पानी ला देती है। चाट हो या दाल कोई भी व्यंजन इसके प्रयोग से और भी स्वादिष्ट हो जाता है। यह फल खट्टा होने के साथ-साथ बेहद गुणकारी भी है। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि नींबू के पत्ते नींबू से ज्यादा फायदेमंद होते है। आज हम आपको बताएंगे कैसे नींबू के पत्ते हमारे लिए फायदेमंद है।

दिनभर काम काज की वजह से लोगों में सिरदर्द की प्रॉब्लम काफी देखने को मिल रही है। नींबू के पत्तों का रस निकालकर नाक से सूंघने से आप कुछ समय में ही सिरदर्द की प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते है।

हररोज सुबह खाली पेट एक चम्मच नींबू रस और एक चम्मच जैतून तेल का सेवन करने से आप पत्थरी की प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते है।

पेट के कीड़ों के लिए नींबू के पत्ते बहुत फायदेमंद है। 10 ग्राम नींबू के पत्तों का रस और 10 ग्राम शहद के मिश्रण का सेवन करने से आप 10-15 दिनों में पेट के कीड़ों से छुटकारा पा सकते हैं।

# आपको तेजी से बूढ़ा कर रही हैं ये पांच आदतें



बदलती लाइफस्टाइल में बेपरवाह होकर कई सारी ऐसी आदतें अपना रहे हैं जो उन्हें वक्त से पहले बूढ़ा बना रही है। अगर समय से पहले उन आदतों पर काबू नहीं पाया गया तो वह बूढ़ा करने के साथ आपको बीमार भी कर देगी। आइए जानते हैं कौन सी है वे 5 आदतें जो आपको समय रहते सुधार लेना चाहिए। ताकि जवानी के दिन में बुढ़ापे जैसे नजर नहीं आए-

### स्मोकिंग और ड्रिंकिंग

युवाओं की लाइफस्टाइल का ट्रेंड बन चुका स्मोकिंग और ड्रिंकिंग बहुत कम समय में शरीर में बुरा असर पड़ने लगता है। तनाव से बचने के लिए अक्सर युवा वर्ग दिन में स्मोकिंग और रात में ड्रिंकिंग करते हैं। इनका हद से अधिक सेवन करने पर मौत भी होजाती है। लेकिन इससे पहले आपके अंगों को प्रभावित करता है। लीवर और फेफड़ों पर इसका असर सबसे पहले होता है। इसके बाद दिमाग पर असर पड़ने लगता है। वजन भी तेजी से बढ़ता है। साथ ही अधिकस्मोकिंग से होंठों का कालापन बढ़ने लगता हैं, बाल झड़ने लगते हैं तो चेहरे पर झुर्रियों नजर आने लगती है।

### इन एक्टिव रहना

जी हां, अगर आप सिर्फ बैठे हो। किसी प्रकार की कोई एक्टिविटी नहीं करेंगे। तो इसका असर आपके साइकोलॉजिकल, फिजिकल और बायोलॉजिकल तीनों तरह से रहेगा। सिर्फ बैठे रहने से इंसान हद से अधिक आलसी बन जाता है। वजन दिन पर दिन बढ़ता जाताहै। साथ ही बीमारियां आपको धीरे-धीरे घेरने लगती है। बॉडी का शेप पूरी तरह से बिगड़ जाता है।

### खराब खाने की आदत

जी हां, देखा जाए तो 21वीं सदी में सोडा, वसा युक्त फूड, प्रोसेस्ड फूड और पैकेज्ड फूड का सेवन तेजी से बढ़ गया है। युवाओं में सबसे अधिक इसी प्रकार के फूड पसंद किए जाते हैं। उन्हें भोजन कम और फास्ट फूड ज्यादा पसंद आता है। इसके सेवन से युवा वर्ग में लड़के और लड़कियां बीमारियों का शिकार हो रहे है। लड़कियों में पीरियड्स अनियमितता की समस्या, पीसीओएस की समस्या, लंबे वक्त-तक टाइम रहता, मोटापा बढ़ना, डाइटिंग करने पर भी समस्या जस की तस बने रहना। वहीं लड़कों में बदहजमी की समस्या, पेट का बाहर निकलना, अनफिट रहना जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं।

### अपर्याप्त नींद

अपर्याप्त नींद का तनाव से गहरा नाता है। नींद कम होने पर दिनभर आलस बना रहता है, आंखों के नीचे डार्क सर्कल हो जाना, बाल झड़ना, याददाश्त पर असर पड़ना, सोचने की शक्ति कम होना। यह सभी लक्षण कम उम्र में ही नजर आने लगते हैं। अधिक समय तक देर तक नहीं सोने पर दिनचर्या पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ने लगता है। साथ ही आपके चेहरे की चमक खत्म हो जाती है। और आंखों के पास झुर्रियां दिखने लगती है।

### तनाव

तनाव में इंसान की रंगत पूरी तरह से उड़ जाती है। किसी भी बात पर अधिक चिंतन-मनन करने से दिमाग पर बुरा असर पड़ता है।

किसी भी काम में एकाग्रता खत्म हो जाती है। ना गम ना खुशी किसी भी चीज का अनुभव नहीं होता है। इसलिए हद से अधिक तनाव नहीं पाले।

# सर्दियों में सेहत के लिए वरदान है खजूर

सर्दियों में खजूर को सुपर फूड कहा जाता है। यह सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसके सेवन से शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह एक प्रकार से सीजनलफूड है जो मौसम के अनुसार आपके शरीर का ढालता है। इसमें मुख्य रूप से आयरन, फास्फोरस, मैग्नीशियम और कैल्शियम, विटामिन ए,विटामिन के, थायमिन होते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं जो डायबिटीज के खतरे को कम करते हैं। साथ ही दिल के मरीजों के लिए अच्छा होता है। आइए जानते हैं ठंड में खजूर खाने के क्या-क्या फायदे होते हैं -

### पाचन तंत्र ठीक करें

ठंड के दिनों में पाचन क्रिया गड़बड़ा जाती है। क्योंकि ठंड में भूख बहुत लगती है लेकिन घूमते नहीं है। ऐसे में खाना पचता नहीं है और पेट खराब हो जाता है। इसके लिए खजूर का सेवन करना चाहिए। इसमें मौजूद फाइबर आपके पाचक रस के स्राव को बढ़ाताहै। साथ ही इसके सेवन से कोलन कैंसर का खतरा भी कम होता है।



### स्किन को बनाएं ग्लोइंग

खजूर सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए बेहद अच्छा होता है। सर्द हवा से ठंड में स्किन सूख जाती है। जिससे खिंचाव होने लगता है और कई बार स्किन फट भी जाती है। इसलिए खजूर का सेवन करना चाहिए। यह आपकी स्किन की नमी को सामान्य रखने में मदद करेगा।

### ऊर्जा के लिए सबसे अच्छा स्त्रोत

दरअसल, खजूर गर्म होता है। जो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार करता है। जिससे बॉडी में फुर्ती बनी रहती है। और ठंड में काम करने में भी परेशानी नहीं आती है। खजूर में कार्बोहाइड्रेट होता है।

### दिल को दे आराम

खजूर में मौजूद फाइबर और पोटेशियम शरीर के लिए जरूरी स्त्रोत है। इसका सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल को कम करने मेंमदद करता है। इसमें आइसोफ्लेवोंस पाया जाता है जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। क्योंकि ठंड के दिनों में हृदयाघात का खतरा अधिक होता है। यह हमारे शरीर के तापमान को सामान्य रखने में मदद करता है।

### नींद का सबसे अच्छा स्त्रोत

अगर आपको बहुत अधिक ठंड लगने से नींद नहीं आती है तो रात को खजूर का दूध जरूर पीएं। इसके लिए एक गिलास से अधिक दूध लें। उसमें 8 से 10 खजूर को साफ करके डाल दें। 15 से 20 मिनट तक उसे उबालें। अगर दूध गाढ़ा नहीं पड़ता है तो उसेथोड़ी देर और उबालें। इसके बाद रात को सोने से पहले उसे पीकर सोएं। इसके बाद रात को पानी नहीं पिएं। इससे सर्दी-जुकाम भी नहीं होगी। रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी।

## आज की रेसिपी

# ब्रेड लजानिया



**सामग्री :**

- 4-5 ब्रेड स्लाइस, 2 टेबल स्पून कॉर्न, 1/2 कप ब्रॉकली, 1/2 कप शिमला मिर्च, 1 कप टमाटर 1/2 कप प्याज, 1 टेबल स्पून चिली सॉस, 1 टी स्पून चिली फ्लेक्स, 1 टी स्पून मिक्स हर्ब्स, स्वादानुसार नमक, 2 टेबल स्पून व्हाइट सॉस, 2 टेबल स्पून रेड सॉस, 1 कप चीज, कद्दूकस, 1 तेज पत्ता, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टी स्पून कालीमिर्च

**विधि :**

- एक पैन में तेल गरम करें, उसमें काली मिर्च, तेज पत्ता और कटा हुआ लहसुन डालें.
- उन्हें चटकने दें. एक बार हो जाने पर, कटा हुआ प्याज, टमाटर के बाद नमक, लाल मिर्च पाउडर, अन्य इटैलियन सीज़निंग या मिक्स हर्ब डालें.
- एक बार हो जाने के बाद, इसे एक ब्लेंडर में ब्लेंड करें और फिर इसमें चिली सॉस और टोमैटो केचप डालें.
- अब ब्रेड के 3-4 स्लाइस लें, उन्हें बेलन की मदद से बेल लें. इसे एक तरफ रख दें.
- इस बीच, कुछ सब्जियों को फ्राई कर लें.
- एक बड़ा कंटेनर लें, तैयार रेड सॉस डालें, व्हाइट सॉस डालें और फिर कुछ ब्रेड में रखें और ब्रेड के ऊपर सॉस फैलाना दोहराएं.
- एक बार हो जाने के बाद, सब्जियां डालें और इसके बाद बड़ी मात्रा में चीज डालें.
- उसके बाद, दोनों सॉस को फिर से फैलाएं और और चीज डालें, इसे ओवन के अंदर 180 डिग्री पर लगभग 10-12 मिनट के लिए रख दें.



# क्या रिलेशनशिप में हैं हनी सिंह? खुद कहा-'मैं पैशेनेट लव में हूं'

हाल ही में नेटफ्लिक्स पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'यो यो हनी सिंह ≈ फेमस' का प्रीमियर हुआ है। यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म रैपर-सिंगर हनी सिंह की जिंदगी पर रोशनी डाल रही है। खबरों और सिंगिंग की चकाचौंध से अलग भी हनी की एक शख्सियत है, उसके बारे में डॉक्यूमेंट्री में बताया गया है। हाल ही में नेटफ्लिक्स के यूट्यूब चैनल पर एक पॉडकास्ट में हनी सिंह नजर आए, जिसमें उन्होंने अपनी लव लाइफ पर भी बात की है।

### पैशेनेट लव में हनी सिंह

पॉडकास्ट में हनी सिंह ने अपनी डॉक्यूमेंट्री, म्यूजिक, पर्सनल लाइफ पर बात की। अचानक वह शो के होस्ट को बताने लगे कि वह इस समय पैशेनेट लव में हैं। हनी कहते हैं, 'मैं खतरनाक इश्क में हूं।' वह आगे कहते है कि मैं हमेशा गहरा प्यार किया है। हनी सिंह यह बात बताते हुए शरमा भी रहे थे। हनी का यह अंदाज देकर शो के होस्ट भी मुस्कुरा दिए।

### पहले हो चुका है तलाक

हनी सिंह की पहली शादी टूट चुकी है लेकिन वह प्यार में पूरा यकीन रखते हैं। यही कारण है कि उन्होंने अपने सीरियस रिलेशनशिप में होने की बात कही है। बताते चलें कि हनी सिंह की पूर्व पत्नी का नाम शालिनी तलवार है। वह उनकी बचपन की गर्लफ्रेंड थी, दोनों की शादी 11 साल चली, लेकिन बाद में हनी सिंह और शालिनी की राहें जुदा हो गईं।

### रैप म्यूजिक के लिए बनाई राह

हनी सिंह ने जब भारत में बतौर रैप सिंगर शुरुआत की थी तो उन्होंने तहलका मचा दिया था। उन्होंने रैप सिंगिंग के लिए भारत में एक नई राह बनाई। हनी सिंह ने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी हिट गाने गाए हैं, जिसमें शाहरुख और सलमान खान की फिल्में भी शामिल रही हैं। लेकिन हनी की जिंदगी में डाउनफॉल भी आया, जब वह मानसिक समस्या और बुरी लत का शिकार हो गए। अब एक बार फिर हनी सिंह ने कमबैक किया है, साथ ही अपनी बुरी आदतों से भी छुटकारा पा लिया है।



# पेरेंट्स के तलाक को लेकर बोलीं श्रुति हासन

**श्रुति हासन ने हाल ही में अपने पेरेंट्स कमल हासन और सारिका के तलाक को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उनके पेरेंट्स के डिवोर्स ने बाद उन्हें फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने का मतलब समझ आया था। उन्होंने कहा कि पेरेंट्स ने अलग होने से पहले साथ रहने की काफी कोशिश की थी।**

### पेरेंट्स के तलाक के बाद लाइफ में सब बदल गया था

श्रुति हासन ने फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट पर बात करते हुए कहा- मैं एक बहुत ही खूबसूरत परिवार में पैदा हुई। मुझे इंटेलीजेंट पेरेंट्स मिले और भगवान की कृपा से सभी फैसिलिटी मिली। लेकिन मैंने इसकी दूसरी साइड भी देखी है। जब मेरे माता-पिता अलग हुए थे, तो मेरी लाइफ में सब कुछ बदल गया था।

### मैंने अपनी मां से काफी कुछ सीखा है

एक्ट्रेस ने आगे कहा- 'पेरेंट्स के अलग होने के बाद ही मुझे फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने का मतलब समझ आया था। उस वक्त मुझे एहसास हुआ कि हर किसी को आर्थिक रूप से स्वतंत्र क्यों होना चाहिए। जब मैंने अपनी मां को देखा तो लगा कि एक बेटी होने के नाते मुझे आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहिए। कोई भी फैसला लेना काफी मुश्किल होता है, लेकिन उससे भी ज्यादा मुश्किल होता है, जब आप किसी पर डिपेंड होते हैं।'

### तलाक बुरा फैसला होता है

श्रुति हासन ने कहा कि तलाक काफी बुरा फैसला होता है। न केवल बच्चे बल्कि पेरेंट्स भी यह दर्द महसूस करते हैं। हालांकि, अब चीजे काफी नॉर्मल हो गई हैं। अभी भी ऐसे कई घर हैं, जहां समाज की खातिर माता-पिता एक साथ रहते हैं। यह ज्यादा खराब होता है क्योंकि दोनों के मन में दर्द छुपा होता है।

### सालार में नजर आई थीं श्रुति हासन

वहीं बात करें वर्कफ्रंट की तो श्रुति हासन को आखिरी बार प्रभास के साथ फिल्म सालार- पार्ट 1-सीजफायर में देखा गया था। प्रशांत नील की निर्देशित इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी थे।



# एस एस राजामौली की फिल्म से कमबैक करेंगी प्रियंका



प्रियंका चोपड़ा बीते लंबे समय से इंडियन सिनेमा में कमबैक का इंतजार कर रही हैं। कुछ समय पहले प्रियंका फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा से कमबैक करने वाली थीं, हालांकि अब ये फिल्म बंद होती नजर आ रही है। इसी बीच प्रियंका ने एस एस राजामौली की अपकमिंग तेलुगु फिल्म साइन कर ली है। ये फिल्म अफ्रीकी जंगल एडवेंचर पर आधारित होने वाली है, हालांकि अब तक इसका टाइटल तय नहीं किया गया है। फिल्म में महेश बाबू एक रिसर्चर की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में आई पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, बाहुबली और आरआरआर की कामयाबी के बाद एस एस राजामौली महाकाव्य पर फिल्म बना रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2025 से शुरू करेंगी, वहीं महेश बाबू के साथ फिल्म 2026 में फिलमाई जाएगी।

### पैन इंडिया फिल्म से कमबैक करेंगी प्रियंका

रिपोर्ट के अनुसार ये तेलुगु फिल्म पैन इंडिया होने वाली है, जिसे हिंदी, तमिल, मलयाली और कन्नड़ भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म के लिए एस एस राजामौली ऐसी एक्ट्रेस की तलाश में थे, जो ग्लोबली पहचान रखती हों। बीते 5-6 महीने में उन्होंने कई बार प्रियंका से मुलाकात की और उनका नाम फाइनल किया। इस फिल्म को ग्लोबल लेवल तक पहुंचाने के लिए डिज्नी और सोनी पिक्चर्स जैसे बड़े स्टूडियोज से बात जारी है।

### डब्बा बंद होने की कगार परजी ले जरा

साल 2021 में फरहान अख्तर ने फिल्म जी ले जरा की अनाउंसमेंट की थी, जिसमें प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट और कटरीना कैफ लीड रोल निभाने वाली थीं। हालांकि अब तक फिल्म डेवलपमेंट से जुड़ी कोई अपडेट सामने नहीं आई है। समय-समय पर खबरें आती रही हैं कि कटरीना और प्रियंका ने फिल्म छोड़ दी है।

प्रियंका चोपड़ा की बात करें तो वो आखिरी बार भारतीय बड़े पर्दे की फिल्म द स्काय इज पिंक (2019) में नजर आई थीं। इसके बाद वो नेटफ्लिक्स की फिल्म द व्हाइट टाइगर (2021) में नजर आ चुकी हैं। बॉलीवुड या इंडियन न सही प्रियंका के पास हॉलीवुड की कई बड़ी फिल्में हैं। वो जल्द ही द ब्लफ और हैड ऑफ स्टेट्स जैसी हॉलीवुड फिल्मों में दिखेंगी।

# सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म में आएंगी नजर

कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी साउथ सिनेमा में एक प्रमुख चेहरा रे रूप में उभरकर सामने आई हैं। केजीएफ के बाद से ही उनकी फैन फॉलोइंग काफी बढ़ चुकी है। हालांकि, इसके बाद आई उनकी फिल्म कोबरा बॉक्स ऑफिस पर कोई खास असर नहीं छोड़ पाई। इसके बावजूद श्रीनिधि का जादू फीका नहीं पड़ा है। उन्हें सिद्दू जोन्नालगड्डा की तेलुसु कड़ा और नानी की हिट 3 जैसी फिल्मों में साइन किया गया है। अब उनकी एक नई फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीनिधि शेट्टी साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत के साथ जल्द ही स्क्रीन साझा करती नजर आ सकती हैं। बहुप्रतीक्षित फिल्म जेलर 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उन्हें साइन किया गया है।

### नेल्सन बना रहे फिल्म

जेलर 2 का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार करेंगे। इसे सन पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया जाएगा। फिल्म का म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर तैयार करेंगे। पहले भाग के गाने लोगों के बीच काफी ज्यादा लोकप्रिय हुए थे। फिल्म को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। जल्द आ सकती है आधिकारिक जानकारी

इसके बारे में और अधिक जानकारी आधिकारिक रूप से नए साल या फिर पोंगल के मौके पर आ सकती है। माना जा रहा है कि यह फिल्म श्रीनिधि के करियर के लिए एक टर्निंग प्वॉइंट साबित हो सकती है।





# दो भागों में रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की वीडी 12

विजय देवरकोंडा वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, जिसका संभावित नाम वीडी 12है। गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा होगी। प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह के बीच निर्माता नागा वामसी ने फिल्म पर एक बड़ा अपडेट साझा किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के बारे में बताया। साथ ही कई दिलचस्प बातों का भी खुलासा किया।

### आगे खिसकेगी फिल्म की रिलीज डेट

हाल ही में उन्होंने बताया कि वीडी 12 दो भागों वाली सीरीज होगी और हर भाग की कहानी अलग होगी। इस तरह वे दो अलग-अलग फिल्में बन जाएंगी। फिलहाल वीडी 12 की 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि, अगर पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरा मल्लू की रिलीज उसी दिन पक्की हो जाती है तो फिल्म की रिलीज 28 मार्च से आगे बढ़ाई जा सकती है।

### शूटिंग के दौरान विजय को लगी चोट

फिल्म के बारे में आगे बात करते हुए नागा वामसी ने कहा, वीडी 12 अपने पैमाने से सभी को चौंका देगी। कई लोगों का मानना है कि यह चुपचाप बनाई जा रही एक छोटी फिल्म है, लेकिन यह ठोस है और बड़े पर्दे पर एक बड़ी ट्रीट होगी। इस बीच पहले खबर आई थी कि विजय देवरकोंडा को वीडी 12 के लिए एक चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई थी। चोट के बावजूद, अभिनेता ने ब्रेक नहीं लेने का फैसला किया और तय समय पर काम करना जारी रखा।

### चोट के बाद भी विजय ने जारी रखी शूटिंग

विजय की पिछली कुछ फिल्में उम्मीद के मुकाबले प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हुईं, जिसके बाद उन्होंने काम से लंबा ब्रेक लिया और अब वे दमदार वापसी करने की तैयार में हैं। ऐसे में वे इस फिल्म पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा वीडी 12 की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है और पूरी होने के करीब है। पहले खबर आई थी कि अभिनेता सत्यदेव इस फिल्म में शामिल हो गए हैं।

### भाग्यश्री बोरसे होंगी मुख्य अभिनेत्री

खबर है कि वह इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। दूसरी ओर भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका निभा सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सत्यदेव का किरदार नकारात्मक होगा। फिल्म की कहानी का मुख्य आकर्षक कहानी विजय देवरकोंडा और सत्यदेव के बीच के दृश्य होंगे। सत्यदेव ने कोविड-19 के दौरान लगातार हिट फिल्मों के साथ लोकप्रियता प्राप्त की। उनकी नई फिल्म जेबरा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और वर्तमान में ओटीटी प्लेटफॉर्म अहा पर स्ट्रीमिंग कर रही है।



# दृश्यम 3 को लेकर मोहनलाल का खुलासा?

अभिनेता मोहनलाल ने खुलासा किया है कि दृश्यम की स्क्रिप्ट को उनके पास लाने से पहले निर्देशक जीतू जोसेफ ने पहले कई अभिनेताओं को इसकी स्क्रिप्ट सुनाने में कई साल लगा दिए। दृश्यम 3 को भी लेकर मोहनलाल ने अहम जानकारी दी। मोहनलाल ने हाल ही में स्वीकार किया कि उन्होंने दृश्यम की कोई भी रीमेक पूरी नहीं देखी है, यहां तक कि अजय देवगन अभिनीत फिल्में भी नहीं देखी हैं। दृश्यम की रिलीज को 11 साल बीत चुके हैं, लेकिन निर्देशक जीतू जोसेफ की दृश्यम क्राइम-थ्रिलर जॉनर में एक बेंचमार्क बनी हुई है। दुनिया भर में 50 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने वाली पहली मलयालम फिल्म, दृश्यम ने मलयालम सिनेमा की दिशा को नया आकार दिया, जिससे इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली।

फिल्म दृश्यम को कई भारतीय और विदेशी भाषाओं में भी बनाया गया था और एक आधिकारिक अंग्रेजी रीमेक भी पाइपलाइन में है। दृश्यम में मोहनलाल, मीना, आशा सरथ, अंसिबा हसन, एस्तेर अनिल और सिद्दीकी ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई। इसके सीक्वल दृश्यम 2 का प्रीमियर 2021 में हुआ, जिसे भी दर्शकों से भरपूर प्यार मिला। अब दृश्यम 3 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल ने हाल ही में दृश्यम फेंचाइजी के भविष्य के बारे में बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोहनलाल ने कहा, जेटू के पास दृश्यम की स्क्रिप्ट फिल्म (पहला भाग) की शूटिंग से कम से कम पांच साल पहले तैयार थी। उन्होंने उस स्क्रिप्ट के साथ कई लोगों से संपर्क किया, लेकिन यह कारगर नहीं हुआ क्योंकि वे संतुष्ट नहीं थे। आशीर्वाद सिनेमाज के एंटनी पेरुंबवूर ने मुझे सूचित किया और पूछा कि क्या मैं इसे सुन सकता हूं। जब मैंने इसे सुना, तो मुझे लगा कि यह स्क्रिप्ट के लिहाज से अविश्वसनीय है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोहनलाल ने कहा, एक फिल्म कैसे हिट होती है? यह तब होता है जब इसमें कुछ ऐसा होता है जिसे आप देखने के बाद घर वापस ले जा सकते हैं, चाहे वह कोई गीत हो या कोई सीन हो। दृश्यम में, मुख्य बिंदु परिवार के लिए प्यार था। मोहनलाल ने याद करते हुए बताया कि कैसे उनहोंने कोरोना जैसी महामारी की वजह से फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज की बजाए सीधे ओटीटी पर रिलीज करने का विकल्प चुना। हालांकि, यह निर्णय फिल्म के लिए फायदेमंद साबित हुआ, क्योंकि इसे दुनिया भर में प्रशंसा मिली, दुनिया के कई हिस्सों से लोगों ने इसे ऑनलाइन देखा, जिससे मलयालम फिल्म उद्योग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसर, मोहनलाल ने कहा, पूरी दुनिया में लोगों ने दृश्यम देखी। मैं हाल ही में गुजरात में शूटिंग कर रहा था और फ्लाइट में कई गुजराती लोगों ने मुझसे फिल्म के बारे में बात की। इसने मलयालम सिनेमा को पूरे भारत में पहचान दिलाई। अब, हम दृश्यम 3 के साथ आने की कोशिश कर रहे हैं।

# फहद फासिल नहीं बनेंगे पुष्पा3 का हिस्सा!

पुष्पा 2 हाल के दिनों में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्मों में से एक है, इसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फहद फासिल ने पुष्पा 2 में मुख्य खलनायक की भूमिका निभाई थी और वह पुष्पा 3 में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगे। हालांकि, नई चर्चाएं ये हैं कि वह तीसरे भाग को करने के लिए उत्सुक नहीं हैं और पुष्पा 3 से बाहर हो सकते हैं। हालांकि, इस खबर की अभी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह मलयालम फिल्म हलकों में वायरल हो गई है। दूसरे भाग में फहद की भूमिका को सस्पेंस मोड में रखा गया था और आम धारणा यह है कि वह तीसरे भाग में वापसी करेंगे। हालांकि, अब खबरें हैं कि फहद अपने किरदार से निराश भी हैं, ऐसे में वे फिल्म की तीसरी किस्त से बाहर हो सकते हैं। अगर ये खबरें सच हैं तो अब यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि तीसरे भाग में मुख्य खलनायक की भूमिका कौन निभाएगा?



# महाकुम्भ-2025: श्रद्धा, सेवा और समर्पण का महासंगम

**ऑथर और स्पीकर शेफाली वैद्य ने साझा किया महाकुम्भ का अनुभव**

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ 2025 केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और समर्पण का महायज्ञ है। यह वास्तव में दो प्रकार के लोगों का होता है, वे जो श्रद्धा के साथ आते हैं, और वे जो सेवा में समर्पित होते हैं। ये बातें कही हैं शेफाली वैद्य ने जो एक ऑथर और स्पीकर हैं। शेफाली ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर महाकुम्भ को लेकर अपना अनुभव साझा किया है।







**सच्चे तीर्थयात्री : आस्था के प्रतीक**

वह कहती हैं, महाकुम्भ उन श्रद्धालुओं का होता है, जो केवल विश्वास के साथ आते हैं। वे, जो संगम में पवित्र स्नान के लिए घंटों प्रतीक्षा करते हैं, जो गंगाजल को संजोकर घर ले जाते हैं, जो शिकायत नहीं करते, सिर्फ आस्था रखते हैं। जब वे संगम में डुबकी लगाते हैं, तो मानो वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं, यह विश्वास रखते हुए कि नदी की गोद में समर्पण से उनके जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाएंगे।

**सेवा भाव : जो देने आते हैं, लेने नहीं**

उनका कहना है कि महाकुम्भ उन सेवकों का भी होता है, जो यहां कुछ मांगने नहीं, बल्कि देने आते हैं। 15,000 सफाई कर्मी, जो करोड़ों श्रद्धालुओं के कदमों के निशान मिटाते हैं, ताकि हर दिन घाट स्वच्छ रहें।हजारों पुलिसकर्मी, जो श्रद्धालुओं की सुरक्षा में दिन-रात तैनात रहते हैं। हजारों बचावकर्मी, जो हर परिस्थिति के लिए तैयार रहते हैं। 550 बसों के ड्राइवर, जो संगम तक श्रद्धालुओं को पहुंचाते हैं। भंडारे में सेवा देने वाले हजारों लोग, जो नि:स्वार्थ भाव से भोजन कराते हैं।डॉक्टर और चिकित्सा कर्मी, जो कुम्भ नगरी में श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सेवाओं का ध्यान रखते हैं।मल्लाह, जो तीर्थयात्रियों को संगम की पवित्र जलधारा तक पहुंचाते हैं।

**महाकुम्भ : एक जीवंत धड़कन**

उनका कहना है कि बाकी लोग, जो महाकुम्भ के भव्य आयोजन को देखने, समझने, और अनुभव करने आते हैं, वे बस दर्शक हैं। वे इस भव्यता, अनुशासन और दिव्यता को देखकर विस्मित होते हैं, लेकिन महाकुम्भ उन्हीं का होता है, जो इसमें श्रद्धा और सेवा के साथ जुड़े होते हैं। महाकुम्भ मात्र एक इवेंट नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्पंदन है, जो हर 12 वर्षों में आस्था, भक्ति और सेवा के लिए पुकारता है। यह उनका संगम है, जो भक्ति में डूबते हैं, और उनका भी जो अपना तन-मन-धन समर्पित कर इसे संभव बनाते हैं।

## सांसद अनुराग ठाकुर ने पत्नी संग संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुम्भ।** प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुम्भ 2025 का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ हो रहा है। देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगाने के लिए संगम नगरी पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने अपनी पत्नी सहित त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। उन्होंने महाकुम्भ को दिव्य-भव्य बताते हुए इसे 'एकता का महाकुम्भ' बताया है।

सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर स्नान की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।' उन्होंने इस अवसर पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम पर पूजा-अर्चना की और सर्वकल्याण की कामना की। अनुराग ठाकुर ने अपनी पोस्ट में कहा कि मां गंगा, यमुना और सरस्वती के शुभाशीष से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। उन्होंने महाकुंभ को 'एकता का महाकुंभ' बताया और इसे भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक कहा।



बता दें कि महाकुंभ 2025 में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से साधु-संत, राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन आस्था के साथ भाग ले रहे हैं। प्रयागराज का यह महाकुम्भ सनातन संस्कृति की अनंत धारा को विश्व पटल पर गौरवान्वित कर रहा है।

## इंवेस्टमेंट के नाम पर 78 लाख की ठगी, मास्टर माइंड गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा की थाना साइबर क्राइम पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने व्हाट्सएप के जरिए इंवेस्टमेंट के नाम पर 78 लाख की ठगी करने वाले एक साइबर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के खाते में धोखाधड़ी रकम ट्रांसफर हुयी हैं। पुलिस ने उसके खाते में 10 लाख रुपये फ्रीज करा कर उनकी वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अब तक 30 लाख रुपए की रकम वापस करायी जा चुकी है।



डीसीपी साइबर क्राइम प्रीति यादव ने बताया कि अचल वर्मा पुत्र स्व0 पन्नालाल वर्मा को साइबर क्राइम नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के अधार पर गाँव होशियारपुर सेक्टर 52 नोएडा से गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने बताया कि साइबर ठगों ने वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए पीड़िता को जोड़कर पहले मुनाफा कमाने का झांसा दिया। ऐसे में मुनाफा मिलने के बाद पीड़ति ने 70 लाख रुपये निवेश किया और आरोपियों ने पीड़ित को एपीके फाइल भेजकर उसके फोन का एक्सेस हासिल कर लिया था और साइबर अपराध को अंजाम दिया। पीडिता ने धारा 420 आईपीसी व 66 डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा साइबर थाने दर्ज कराया था।

डीसीपी साइबर क्राइम प्रीति यादव ने बताया कि ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला की ठगी की रकम अचल वर्मा के खाते में ट्रांसफर हुयी हैं। अचल वर्मा के खाते में 10लाख रुपये फ्रीज कराये गए है, जबकि धोखाधड़ी की रकम जो अन्य खातों जमा थी उनमें से अब तक 30 लाख रुपए की धनराशि वापस करायी जा चुकी है। अचल वर्मा के बैंक खाते के विरुद्ध एनसीआरपी पर कुल 54 शिकायते विभिन्न राज्यों से होना पाया गया है, जो मुख्य अभियुक्त है।

## एमिटी में जापानी कंपनियों ने लगाया जॉब फेयर

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी टेक्निकल प्लेसमेंट सेंटर, ने छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जापानी कंपनियों का जॉब फेयर आयोजित किया। इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्रों से एमिटी परिसरों के छात्रों ने जॉब फेयर में भाग लिया और कंपनियों ने लगभग 50 से अधिक छात्रों का साक्षात्कार लिया।

जापानी जॉब फेयर में भाग लेने वाली प्रसिद्ध जापानी कंपनी कुराकावा कॉरपोरेशन के सीईओ श्री ताकाशी कुराकावा ने कहा कि हम एमिटी विश्वविद्यालय के जीवंत परिसर का दौरा करने और असाधारण रूप से प्रतिभाशाली छात्रों के साक्षात्कार लेने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

हम छात्रों की जिज्ञासा, महत्वाकांक्षा और मजबूत शैक्षणिक आधार से बेहद प्रभावित हैं और हमने पाया कि उनमें ज्ञान, अनुशासन और उत्साह का एक आदर्श मिश्रण है ऐसे गुण जो जापानी कार्य नैतिकता के साथ सहज रूप से संरेखित हैं।



एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्ष 2023 में एमिटी में स्थापित जापान डेस्क हमारे छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और जापानी कंपनियों के साथ हमारे सहयोग को बढ़ावा देने में अत्यधिक सफल रहा है। एमिटी के छात्रों को जापानी भाषा भी सिखाई जाती है, ताकि वे जापान में कार्य संस्कृति को आसानी से अपना सकें।

इस दौरान एमिटी टेक्निकल प्लेसमेंट सेंटर के उप निदेशक डॉ. अंजनी भटनागर ने भी अपने विचार सांझा किए।

## वसंत महोत्सव में खूब हुई मस्ती





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में वंसत महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि डा. विश्वास त्रिपाठी, कुल सचिव एवं सचिव शिक्षा उप समिति, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, श्रीमति अर्चना द्विवेदी ओ.एस.डी. ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, डा. नीरज टंडन, प्रधानाचार्य, पंचशील बालक इंटर कॉलेज, श्रीमती प्रीति फोगाट, उपप्रधानाचार्या सावित्री बाई फुले बालिका इंटर कॉलेज के दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ हुआ।

महोत्सव में अभिभावकों एवं बच्चों को मुफ्त ऊंट सवारी मुफ्त जलपान की व्यवस्था के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुंती के साथ-साथ बच्चों एवं अभिभावकों ने खेल एवं मनोरंजन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. राजीव कुमार न विद्यालय की रिपोर्ट में विगत वर्षो की उपलब्धियों शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम को मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों के सामने प्रस्तुत किया। महोत्सव में समस्त स्टॉफ एवं छात्र मौजूद रहे।

## पर्यावरण शुद्धि के लिए करें यज्ञ, लगायें पौधे

गाजियाबाद। आर्य समाज कविनगर के त्रिदिवसीय स्वर्ण जयन्ती महोत्सव के दूसरे दिन आचार्य प्रमोद शास्त्री के ब्रह्मत्व में महायज्ञ से हुआ।मुख्य यज्ञमान श्रीमती नीतू चावला एवं सुरेश चावला,श्रीमती अलका चावला एवं सुशील चावला रहे।यज्ञोप्रांत आचार्य जी ने यज्ञमानों को आशीर्वाद दिया और सुखद जीवन की प्रभु से प्रार्थना की।




नोएडा से पधारी आर्य जगत की सुप्रसिद्ध भजनोपदेशिका आचार्या अलका आर्या ने ईश्वर भक्ति के सुन्दर भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य वक्ता आचार्य डा वेद पाल ने यज्ञ एवं पर्यावरण विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि हमारे चारों ओर वायु,जल और भूमि का आवरण ही पर्यावरण है जो हमें प्रकृति से प्राप्त होता है। हमारा पर्यावरण मुख्यत: तीन भागों में विभक्त है, स्थलमण्डल, जलमण्डल और वायुमण्डल।वे परिस्थितियाँ जो इनके घटकों में असंतुलन पैदा कर देती हैं,वहीं से प्रदूषण का जन्म होता है। इस विषम परिस्थिति का सरलतम और योग्यतम हल यज्ञ है।महर्षि दयानन्द सरस्वती कहते हैं कि होम करना अत्यावश्यक है। जब तक होम करने का आम चलन रहा,तब तक भारत रोगों से रहित और सुखों से पूरित था।

डॉक्टर देव शर्मा वेदालंकार ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए यज्ञ के साथ-साथ वृक्ष भी लगाएं उन्होंने आगे कहा कि यज्ञ करने वाला व्यक्ति रोगी नहीं होता।

समारोह के मुख्य अतिथि तेजपाल आर्य ने कहा कि पंच महायज्ञ को अपने व्यवहार में लाकर प्राणी मात्र के कल्याण के कार्य करते हुए अपने जीवन को यज्ञमय बनाकर अपनी ऋषि परंपरा को आगे बढ़ाकर ही हम सभी का जीवन सुखमय हो सकता है ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेश चावला,विशिष्ठ अतिथि के रूप में पधारे डा आर के आर्य ने भी अपने विचार रखे।मंच का कुशल संचालन यशस्वी मंत्री लक्ष्मण सिंह चौहान ने किया।समाज के प्रधान वीके धामा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री सेवा राम त्यागी,वेद प्रकाश तोमर, राजेंद्र आर्य, श्रीपाल आर्य, हरवीर सिंह, सत्य पॉल आर्य,आशा रानी आर्य, बृजपाल गुप्ता, महिपाल सिंह तोमर, प्रेम पाल शर्मा,नरेन्द्र आर्य आदि उपस्थित रहे। शांतिपाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

